RNI No. CHHHIN/2009/35020




छत्तीसगढ़ सरकार अपने 4.5 लाख कर्मचारियों एवं 1 लाख पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत न देकर मोदी की गारंटी का अनादर ....

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी




सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के हाथों हुआ धरमजयगढ़ भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 134 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 17 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

इलेक्टोरल बॉड पर कांग्रेस के आरोप पर सरोज पांडेय का पलटवार

### कोई घोटाला है तो प्रमाणित करके दिखाएं



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** कांग्रेस के इलेक्टोरल बॉन्ड पर उठाए गए सवाल पर कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नैतिक आधार नहीं है. जो खुद दलदल में डूबे हुए हैं, वह हम पर आरोप लगा रहे हैं. कांग्रेस के पास इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कोई सबूत है, और कोई घोटाला है, तो इसे प्रमाणित करके दिखाएं. कोरबा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी सरोज पांडे ने अपने लोकसभा क्षेत्र के मरवाही विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक की. इस दौरान अपने कार्यकर्ताओं से मिलते हुए धनपुर के दुर्गा देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए राज्य की खुशहाली की मांग की और अपनी और केंद्र सरकार की जीत की कामना की. इस अवसर पर मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों के दौरान किसी भी आरोप में भाजपा की सरकार में किसी मंत्री ने कोई इस्तीफा नहीं दिया है. उन्होंने राहुल गांधी को कोट करते हुए कहा कि उन्हें याद होगा कि 2014 के पहले उनकी सरकार के कितने मंत्रियों ने घोटालों के कारण इस्तीफे दिये थे. वहीं CAA को लेकर कहा कि यह देश की जरूरत है।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

# 7 चरणों में मतदान, 19 अप्रैल से शुरू होगी वोटिंग, 4 जून को आएगा रिजल्ट

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आयोग की घोषणा के मुताबिक 19 अप्रैल से 7 चरणों में वोटिंग होगी।




इसके बाद 4 जून को मतों की गिनती होगी और चुनाव के नतीजे घोषित हो जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। इस मौके पर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू मौजूद रहे। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की सूचना पहले ही दी थी। बता दें कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है। चुनाव आयोग के मुताबिक पहले चरण में 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 26 अप्रैल, तीसरे चरण में 7 मई, चौथे चरण में 13 मई, पांचवें चरण में 20 मई, छठे चरण में 25 और सातवें चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। चार राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे।

### 7 फेज में लोकसभा चुनाव

| फेज 1 | फेज 2 | फेज 3 | फेज 4 |
|---|---|---|---|
| 102 सीटें | 89 सीटें | 94 सीटें | 96 सीटें |
| वोटिंग 19 अप्रैल | वोटिंग 26 अप्रैल | वोटिंग 7 मई | वोटिंग 13 मई |

| फेज 5 | फेज 6 | फेज 7 | नतीजे |
|---|---|---|---|
| 49 सीटें | 57 सीटें | 57 सीटें | 4 जून |
| वोटिंग 20 मई | वोटिंग 25 मई | वोटिंग 1 जून | |

### छत्तीसगढ़ में तीन चरणों मे मतदान

*देश में सात चरणों में चुनाव होंगे। 19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव होगा। छत्तीसगढ़ में पहले चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर, राजनांदगांव, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र और तीसरे चरण में शेष 7 सीटों पर 7 मई को रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ और सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। इसका मतलब यह कि प्रदेश के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में तीन चरणों में मतदान होगा।*


### 18वीं लोकसभा फेज 2

**वोटिंग : 26 अप्रैल | राज्य : 13 | सीटें : 89**

| | | |
|---|---|---|
| असम सीटें- 05 | बिहार सीटें : 05 | छत्तीसगढ़ सीटें: 03 |
| कर्नाटक सीटें: 14 | केरल सीटें: 20 | मध्यप्रदेश सीटें: 07 |
| महाराष्ट्र सीटें: 08 | मणिपुर सीटें: 01 | राजस्थान सीटें: 13 |
| त्रिपुरा सीटें: 01 | उत्तर प्रदेश सीटें: 08 | पश्चिम बंगाल सीटें: 03 |
| | जम्मू-कश्मीर सीटें: 01 | |

### नॉमिनेशन प्रोसेस

| शुरु | खत्म | स्क्रूटनी | नाम वापसी |
|---|---|---|---|
| 28 मार्च | 4 अप्रैल | 5 अप्रैल | 8 अप्रैल |



### इस तारीख का यहां होंगे मतदान

- पहला चरण

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट: **बस्तर** | मतदान तिथि : **19 अप्रैल** |
| अधिसूचना : **20 मार्च** | नामांकन की आखिरी तिथि : **27 मार्च** |
| नामांकन पत्रों की जांच: **28 मार्च** | नाम वापसी : **30 मार्च** |

- दूसरा चरण

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट : **कांकेर, राजनांदगांव, महासमुंद** | मतदान तिथि : **26 अप्रैल** |
| अधिसूचना : **28 मार्च** | नामांकन की आखिरी तिथि : **4 अप्रैल** |
| नामांकन पत्रों की जांच : **5 अप्रैल** | नाम वापसी : **8 अप्रैल** |

- तीसरा चरण

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट : **रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, दुर्ग और सरगुजा** | मतदान तिथि : **7 मई** |
| अधिसूचना : **12 अप्रैल** | नामांकन की आखिरी तिथि : **19 अप्रैल** |
| नामांकन पत्रों की जांच : **20 अप्रैल** | नाम वापसी : **22 अप्रैल** |

चुनाव आयोग के मुताबिक पहले चरण में 21 राज्य में 19 अप्रैल को 102 सीटों पर चुनाव होगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेश में 89 सीटों पर चुनाव होंगे। तीसरे चरण में 7 मई को कुल 12 राज्यों में 94 सीटों पर चुनाव होंगे। चौथे चरण में 13 मई को कुल 10 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों 96 सीटों पर चुनाव होंगे। जबकि पांचवें चरण में 20 मई को कुल 49 सीटों पर मतदान होंगे। छठे चरण में 26 मई को कुल 57 सीटों पर और सातवें चरण में 1 जून को कुल सीट 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

### 2019 में 23 मई को हुई थी मतगणना

पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को हुई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। आगामी चुनावों में 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। 1.5 करोड़ पोलिंग कर्मचारी और सुरक्षा स्टाफ इसके लिए लगाए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक के मतदाता और 40 फीसदी विकलांगता वाले मतदाता अगर मतदान केंद्र पर नहीं आना चाहें तो अपने घर से वोट दे सकते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि पिछले 11 चुनाव में 3400 करोड़ रुपये जब्त किए गए। इस पूरी रकम में 835 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# गिरौदपुरी मेले में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरुदर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी एवं जैतखाम की पूजा- अर्चना कर नमन किया और छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुतुबमीनार से ऊंचे जैतखाम में पहुंचकर पूजा की साथ ही ऊपर से दूरबीन की सहायता से प्रकृति के नजारे का आनंद लिया। इस अवसर पर भंडारपुरीधाम गुरु गद्दीनशीन श्री बालदास भी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेले का आज अंतिम दिन है। यह मेला 14 मार्च से प्रारंभ हुआ था।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल,श्री दयाल दास बघेल,पूर्व मंत्री श्री पुन्नू लाल मोहले,विधायक गुरु खुशवंत साहेब,पूर्व संसदीय सचिव सनम जागड़े,पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय,आई जी अमरेश मिश्रा,कलेक्टर के एल चौहान,एसपी सदानंद कुमार,सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त,संत और श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

**गुरु गद्दी एवं जैतखाम की पूजा कर लिया आशीर्वाद**

**प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की**



# छत्तीसगढ़ के इन पांच शहरों में जल्द दौड़ेंगी 240 इलेक्ट्रिक बसें, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**रायपुर।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के पांच प्रमुख शहरों रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और कोरबा को पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की मंजूरी दे दी है। इसके लिए काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था। योजना के तहत रायपुर को 100, दुर्ग-भिलाई को 50, बिलासपुर को 50 और कोरबा को 40 ई-बसों की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर हर्ष जताया है। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कारण नवाचार और स्थिरता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यह योजना एक उपहार है, जो न केवल पर्यावरण को बचाएगी बल्कि हमारे जीवन को भी सुगम बनाएगी। ई-बसों का आगमन प्रदेश के लिए एक नई और स्वच्छ परिवहन सेवा का द्वार खोलेगी। इससे पर्यावरणीय प्रदूषण में कमी आएगी और शहरों की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा।

साथ ही ऊर्जा की बचत भी होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की यह योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय




मदद को पारदर्शिता और उनके प्रदर्शन से जोड़ने की कोशिश का हिस्सा है। केंद्र सरकार की मंशा है कि यह योजना शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित हो ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध हो।

### योजना के संचालन के लिए केंद्र देगी राशि

केंद्र सरकार शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी, जिसमें एक बड़ा हिस्सा बस डिपो जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। पारदर्शिता रखने योजना की सामान्य शर्तों में प्रोजेक्ट के तहत दिए जाने वाले पैसे का थर्ड पार्टी आडिट अनिवार्य करने को शामिल किया गया है।

लोकसभा चुनाव 2024

# पुलिस और जिला प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

एसपी बोले - चुनाव के लिए हैं तैयार



**रायपुर.** लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने राजधानी के पुलिस ग्राउंड में फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च में रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह और एसपी संतोष सिंह भी शामिल हुए. दो दलों में पुलिस और ज़िला प्रशासन की टीम को रवाना किया गया. कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने बताया, आज लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है. आज फ्लैग मार्च निकालकर पूरी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया. रायपुर एसपी संतोष सिंह ने बताया, जिले में आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला है. फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारी दिखाना है. साथ ही बदमाशों में भी गड़बड़ी करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई का संदेश पहुंचाना है. कलेक्टर ने कहा, जिले में चुनाव आयोग के निर्देश पर चुनाव की तैयारियां सतर्कता से शुरू कर दी गई है. जिले में निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जाएंगे.



# पूर्वोत्तर में क्या होगा नागरिकता कानून का चुनावी असर ?

केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता (संशोधन) कानून को लागू कर दिया है। लेकिन खासकर पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में इसके विरोध को देखते हुए यह बहस तेज हो रही है है कि आगामी चुनाव में इसका क्या और कितना असर होगा? पक्ष और विपक्ष इसे लेकर परस्पर विरोधाभासी दावे जरूर कर रहा है। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की राय में इस कानून के कारण धार्मिक आधार पर वोटरों के ध्रुवीकरण का अंदेशा है।

इसके बारे में अधिसूचना जारी होते ही पश्चिम बंगाल के साथ समूचे पूर्वोत्तर भारत में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। अंतर यह है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार इसके खिलाफ है और पूर्वोत्तर में छात्र और सामाजिक संगठन व विपक्षी राजनीतिक दल। असम में इसकी कमान राज्य के ताकतवर छात्र संगठन अखिल असम छात्र संघ (आसू) के हाथों में है। उसके बैनर तले इस कानून की प्रतिया जलाई गई हैं और मशाल जुलूस निकाले जा रहे हैं।




**दशकों से घुसपैठ की समस्या से जूझ रहे असम में इस कानून के सबसे कड़े विरोध का ठोस कारण है। इस कानून के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है।**

वैसे, दशकों से घुसपैठ की समस्या से जूझ रहे असम में इस कानून के सबसे कड़े विरोध का ठोस कारण है। इस कानून के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है।

असम के लोगों को डर है कि इससे पड़ोसी देशों में आने वाले शरणार्थियों की बाढ़ के कारण असमिया लोगों की भाषा, संस्कृति, इतिहास और पहचान खतरे में पड़ जाएगी। यहां इस बात का जिक्र जरूरी है कि करीब चार साल पहले इस कानून के संसद में पेश होने पर भी असम में इसके खिलाफ भारी हिंसा और आगजनी हुई थी। उसमें कई लोगों की मौत हो गई थी और यह राज्य लंबे समय तक कर्फ्यू और अशांति की चपेट में रहा था।

इस कानून का विरोध करने वालों की दलील है कि यह साल 1985 के उस असम समझौते का उल्लंघन है जिले राज्य के लोगों की जीवन रेखा माना जाता है। उस समझौते में कहा गया था कि 25 मार्च 1971 के बाद असम में अवैध रूप से आने वाले तमाम लोगों को घुसपैठिया मानते हुए राज्य से निकाल दिया जाएगा।

इस कानून का विरोध करने वाले संगठनों को आशंका है कि नए नागरिकता कानून से बांग्लादेश से बड़े पैमाने पर आने वाले हिंदू बंगालियों को भारतीय नागरिकता मिलने की स्थिति में राज्य की मूल आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी। आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा कहते हैं कि केंद्र ने तानाशाही तरीके से नागरिकता कानून थोप दिया है। यह असम समेत समूचे पूर्वोत्तर के लोगों के लिए विनाश की वजह साबित होगा।

इलाके के दो अन्य राज्यों- त्रिपुरा और मेघालय में भी छात्र और सामाजिक संगठन इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। इन संगठनों की दलील है कि उक्त कानून के तहत भारी तादाद में नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के कारण इलाके में जनसांख्यिकी संतुलन गड़बड़ा जाएगा।

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कानून का विरोध करते हुए कहा है कि यह नेशनल रजिस्टर आफ सिटीजंस (एनआरसी) से जुड़ा है और वो इसे यहां लागू नहीं होने देंगी। ममता ने इस कानून को बंगाल के दोबारा विभाजन का खेल बताया है। ममता इस कानून और इससे होने वाले कथित नुकसान को ही अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही हैं। इसके जरिए उनका लक्ष्य भाजपा के मतुआ वोट बैंक में सेंध लगाना है।

दरअसल, साल 2019 में इस कानून के संसद में पारित होने के बाद पश्चिम बंगाल में हुए तीन उपचुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। साल 2021 के विधानसभा चुनाव पर भी ध्रुवीकरण के तौर पर इसका असर नजर आया था। ममता इस समय भी इस कानून को नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस (एनआरसी) से जोड़ते हुए कह रही हैं कि इसके तहत नागरिकता का आवेदन करने वालों को देर-सबेर देश से बाहर खदेड़ दिया जाएगा।

हालांकि, पश्चिम बंगाल में एक तबका ऐसा भी है जो इस कानून के लागू होने से बेहद खुशी है। मतुआ समुदाय के यह लोग उत्तर और दक्षिण 24-परगना जिले के अलावा नदिया जिले में भी भारी तादाद में रहते हैं। करीब तीन करोड़ की आबादी वाला यह समुदाय राज्य विधानसभा की कम से कम 50 सीटों पर निर्णायक स्थिति में हैं। इस समुदाय को बीजेपी का समर्थक माना जाता है। यह समुदाय लंबे अरसे से नागरिकता कानून की मांग कर रहा था।

विश्लेषकों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने इस कानून के जरिए बंगाल के मतुआ समुदाय और असम में बंगाली बिंदू वोटरों को साधने की कोशिश की है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार असम की 3।12 करोड़ की आबादी में 70 लाख से ज्यादा बंगाली हिंदू है। राज्य में असमिया हिंदुओं के बाद बंगाली हिंदू दूसरा सबसे बड़ा हिंदू समुदाय है।

- प्रभाकर मणि तिवारी

## संपादकीय


### स्वर्गिक हेती, नरक में धंसता

हेती – ये नाम जादू की दुनिया के किसी देश का लगता है। हेती को खोजने के लिए हमें क्रिस्टोफर कोलंबस का शुक्रगुज़ार होना चाहिए। हेती में वह सब कुछ है जिसके लिए दुनिया का कैरीबियन क्षेत्र जाना जाता है ङ्क खुशनुमा ट्रॉपिकल मौसम, हरियाली, झरने, साफ़ नीला पानी और वह सब जो आपको प्रसन्नता और शांति दे सकता है। मगर परियों की कहानियां हमें बताती हैं कि जादू की दुनिया पर हमेशा किसी दुष्ट राक्षस की बुरी नज़र लगी रहती है। हेती पर भी है। यह देश लगातार राजनैतिक अस्थिरता और प्राकृतिक आपदाओं का शिकार बनता रहा है। फ्रांस के इस पूर्व उपनिवेश के निवासी सुख-चैन से जीना जान ही नहीं पाए हैं।

डूवालिए की तानाशाही के अवसान के बाद के पिछले 38 सालों में हेती के लोगों ने 19 शासक देख लिए हैं। देश में कानून-व्यवस्था का नामोनिशान नहीं है और लोगों की ज़िन्दगी और रोज़ी-रोटी हमेशा खतरे में रहती है। बलात्कार, हत्याएं और चोरियां आम हैं। करीब 1.15 करोड़ की आबादी वाले इस देश का सालाना बजट 2.2 अरब अमरीकी डॉलर है। जुलाई 2021 में तत्कालीन राष्ट्रपति जोवेनल मोईस की उनके आधिकारिक निवास में हत्या कर दी गई थी। तब से देश में राजनैतिक अराजकता का माहौल और गहरा गया है। देश की आधी आबादी – करीब 55 लाख – को मानवीय सहायता की ज़रुरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार, हेती में करीब 10 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें से जो बच्चे आपराधिक गिरोहों के बोलबाले वाले इलाकों में रहते हैं, वे इन गिरोहों में शामिल हो रहे हैं।

# आखिर यह साफ कैसे होगा, क्या जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाकर हो सकता है कुछ

पूरी दुनिया में, चाहे उन्नत अर्थव्यवस्थाएं हों या छोटे देश, राजनीतिक दल धन पाना चाहते हैं। उन्हें मतदाताओं तक पहुंचने, उन्हें अपनी नीतियों के बारे में बताने तथा लोगों का इनपुट पाने के लिए धन की जरूरत होती है। ऐसा करने के लिए विभिन्न देशों के राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग का सहारा लेते हैं। राजनीतिक दलों को कई चैनलों के माध्यम से फंडिंग मिल सकती है-व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स द्वारा स्वैच्छिक योगदान से, सदस्यता अभियान के जरिये या राज्य फंडिंग के माध्यम से। रास्ते बहुत हैं, जिनमें मीडिया कवरेज, राजनीतिक दलों के लिए स्थान और अन्य संसाधनों का उपयोग के रूप में योगदान भी शामिल हैं। हालांकि फंडिंग का एक रूप जो राजनीतिक दलों के खजाने में



**राजनीतिक फंडिंग के मामले में आखिर हम कहां खड़े हैं? महंगी चुनावी प्रक्रिया, बेतहाशा बढ़ता खर्च, मतदाताओं में जागरूकता का अभाव वाले अपने देश में सिर्फ पारदर्शिता काफी नहीं है। सवाल यह है कि हम पूरे तंत्र को कैसे साफ करेंगे।**

महत्वपूर्ण योगदान देता है, वह विभिन्न रूपों में कॉरपोरेट दान है। दुनिया भर में राजनीतिक दलों को मिलने वाले कॉरपोरेट दान को लेकर एक डर यह है कि ऐसे दानों से सरकारों के निर्णय लेने की प्रक्रिया न प्रभावित हो। चाहे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा या कई अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाएं हों, कॉरपोरेट दान सामान्य बात है, ठीक उसी तरह, जैसे सदस्यता शुल्क या अन्य रूपों में व्यक्तिगत चंदा लिया जाता है। लगभग हरेक देश में कानून द्वारा एक रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके जरिये राजनीतिक दल चुनाव अभियान पर खर्च करने के लिए धन स्वीकार करते हैं। और इसकी एक सीमा होती है कि किस चुनाव में प्रत्याशी और राजनीतिक दल कितना खर्च कर सकते हैं। कई कॉरपोरेट अपने देशों में चुनिंदा या कई राजनीतिक दलों का समर्थन करते हैं, ताकि पार्टी की नीतियों के प्रति एकजुटता का संकेत दिया जा सके या किसी भी चुनाव परिणाम के साथ अपने हितों की रक्षा की जा सके। लेकिन इसमें कॉरपोरेट की भूमिका संदिग्ध हो जाती है, क्योंकि अक्सर कॉरपोरेट दान कुछ शर्तों के साथ मिलता है। अक्सर फंडिग की स्थिति स्पष्ट नहीं होती, बल्कि इसमें निहित स्वार्थ छिपे होते हैं। उदाहरण के लिए, 14 अप्रैल, 2021 को जॉर्जिया में प्रतिबंधात्मक रिपब्लिकन प्रायोजित मतदान कानून के जवाब में गूगल के सीईओ ने 200 अन्य सीईओ के साथ मिलकर द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट में एक खुला पत्र प्रकाशित करवा कर ऐसे किसी भी भेदभावपूर्ण कानून का विरोध किया, जिससे अमेरिकियों के लिए मतदान करना और मुश्किल हो जाएगा। लेकिन एक दिक्कत थी-गूगल ने चुपचाप रिपब्लिकन स्टेट लीडरशिप कमिटी, एक ऐसा संगठन, जो जॉर्जिया कानून और इसी तरह के अन्य राज्यों के कानून का समर्थन करता है, के साथ %चुनावी अखंडता% पर एक %नीति कार्य समूह% को वित्त पोषित किया था। ब्रिटेन में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन कॉरपोरेट फंडिंग के लिए आलोचनाओं के घेरे में आ गए, जिन्होंने दानदाता के पक्ष में नीतिगत समर्थन दिया था। वर्षों से, कई प्रमुख व्यवसायी राजनीतिक दलों के साथ लॉबिंग करते रहे हैं और जनादेश तथा नीति-निर्माण को प्रभावित करने के लिए फंड देते रहे हैं। हालांकि अब राजनीतिक दलों से दूरी बनाए रखने के लिए कॉरपोरेट्स ने चुनावी ट्रस्टों के जरिये फंडिंग का रास्ता ढूंढ लिया है। ये मूल रूप से कंपनियों द्वारा स्थापित ट्रस्ट हैं, जिनका उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है। चूंकि ट्रस्टों द्वारा संग्रहीत धन को इकट्ठा किया जाता है, तो कोई आसानी से नहीं जान सकता कि किस कॉरपोरेट ने ट्रस्ट को धन दिया है।

## मिला जुला

### एक नजर

#### पशुपति पारस का बड़ा बयान, 'सम्मान नहीं मिला तो फैसला लेंगे'

नई दिल्ली. केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति पारस ने शुक्रवार को दिल्ली में बड़ा बयान देते हुए कहा कि एनडीए ने हमारी पार्टी के साथ न्याय नहीं किया है. इतना ही नहीं इशारों-इशारों में उन्होंने अपने भतीजे चिराग पासवान पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी दलित की पार्टी है और हम 5 सांसद हैं. बिहार में तीन का टिकट काटा है. इससे गलत मैसेज जा रहा है. मैं बीजेपी की लिस्ट आने का इंतजार कर रहा हूं. केंद्रीय मंत्रीपशुपति पारस ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे. हम तीनों सांसद जहां-जहां से सांसद है, वहीं से चुनाव लड़ेंगे. बीजेपी के बड़े नेता फिर विचार करें. हम आज तक एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं. ईमानदारी से दोस्ती निभाई. पीएम मोदी और गृह मंत्री का आदर करता हूं. हमारे दल से 5 सांसद हैं. एनडीए ने हमारी पार्टी को तरहीज नहीं दी, जिसमे पर्टी निराश है. लोकतंत्र का तकाजा है, जनता सर्वोपरि है. हमारे 5 सांसद लिस्ट का इंतजार करेंगे. लिस्ट के आधार पर हम गठबंधन का फैसला करेंगे. दरवाजा खुला हुआ है.' दरअसल, दिल्ली में आरएलजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक हुई थी. यह बैठक पशुपति पारस के दिल्ली स्थित आवास पर हुई थी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, सांसद प्रिंस राज, सांसद चंदन सिंह समेत संसदीय बोर्ड के सदस्य मौजूद रहे. पशुपति पारस के घर हुई आरएलजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक में महबूब अली कैसर नदारद दिखे. दरअसल, बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग को लेकर एनडीए और महागठबंधन दोनों तरफ पेंच फंसा हुआ है. पशुपति पारस ने कहा, 'पासवान समुदाय के 3 वर्तमान सांसदों को टिकट देने से इनकार कर दिया गया है.

# चुनाव ऐलान से पहले PM मोदी का बड़ा दांव, देश के नाम लिखी खुली चिट्ठी

**नई दिल्ली.** चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और नया दांव चला है। उन्होंने देशवासियों के नाम एक खुली चिट्ठी लिखी है। 'मेरे प्रिय परिवारजन' से संबोधित करते हुए चिट्ठी में उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। चिट्ठी में उन्होंने लिखा, 'हमारे और आपके संबंधों को एक दशक पूरा हो गया है। आपका समर्थन हमें लगातार मिलता रहेगा, ऐसा मुझे विश्वास है। राष्ट्र निर्माण के लिए हम लगातार मेहनत करते रहेंगे, ये मोदी की गारंटी है।' प्रधानमंत्री मोदी ने चिट्ठी में लिखा है, 'आपका और हमारा साथ अब एक दशक पूरा करने जा रहा है। मेरे 140 करोड़ परिवारजनों के साथ विश्वास, सहयोग और समर्थन से जुड़ा यह मजबूत रिश्ता मेरे लिए कितना विशेष है, इसे शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है।' पीएम ने लिखा है, 'मेरे परिवारजनों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव ही बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि, सबसे बड़ी पूंजी है। अपनी हर नीति, हर निर्णय के जरिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं



के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्पित सरकार ने जो ईमानदार प्रयास किए हैं, उनके सार्थक परिणाम हमारे सामने हैं।'

प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल का कार्यकाल में अपनी सरकार के कामों का लेखा-जोखा पेश करते हुए लिखा, 'प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए पक्के मकान, सभी के लिए बिजली, पानी, गैस की समुचित व्यवस्था, आयुष्मान भारत योजना के जरिए इलाज की व्यवस्था, किसान भाई-बहनों को आर्थिक मदद, मातृ वंदना योजना के जरिए माताओं-बहनों को सहायता जैसे अनेक प्रयास सिर्फ और सिर्फ इसलिए फलीभूत हो पाए हैं, क्योंकि आपका भरोसा, आपका विश्वास मेरे साथ था।' उन्होंने चिट्ठी में जीएसटी लागू करने, अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक पर नया कानून बनाने, महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन विधेयक लाने आदि का भी जिक्र किया है और अपने तीसरे कार्यकाल के लिए लोगों से समर्थन और सहयोग मांगा है। बता दें कि भाजपा और सहयोगी दलों ने इस लोकसभा चुनाव में 400 पार सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।

## चुनाव के दौरान निजी जिंदगी को लेकर हमले ना किए जाएं- मुख्य चुनाव आयुक्त





**नई दिल्ली.** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान कहा कि चुनाव के दौरान निजी जिंदगी को लेकर हमले ना किए जाएं. संपादकों के लिए भी एडवाइजरी जारी की जाएगी. लोगों को खराब डिजिटल मेमोरी बनने से बचना चाहिए, क्योंकि डिजिटल वर्ल्ड में चीजें 100 साल तक के लिए दर्ज हो जाती हैं. राजनीतिक दलों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर जिम्मेदार रवैया अपनाना चाहिए, फर्जी खबरें फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हिंसा की कोई गुंजाइश नहीं है. हिंसा से जुड़ी कोई भी शिकायत 100 मिनट में दूर होगी. हमारा वादा इस तरह से राष्ट्रीय चुनाव कराने का है, जिससे विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़े.

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम- मुख्य चुनाव आयुक्त

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आगे कि लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं. अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. वहीं, सरहदों पर ड्रोन से निगरानी होगी. अब तक 3400 करोड़ का कैश पकड़ा गया था. कुछ राज्यों में धन कुथ में बल का प्रयोग ज्यादा हो रहा है. लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10.5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है.

## पाकिस्तान ने UN में किया राम मंदिर का जिक्र, भारत ने धो डाला; इस्लाम पर पाठ भी पढ़ाया

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कल संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के द्वारा राम मंदिर का जिक्र करने पर जमकर क्लास लगाई है। इस दौरान इस्लामोफोबिया को लेकर पाठ भी पढ़ाया है। भारत के प्रतिनिधी ने पाक्सितान से कहा कि केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए। स दौरान जब पाकिस्तान के दूत ने अयोध्या में स्थित राम मंदिर का जिक्र किया तो भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। शुक्रवार को 193 सदस्यीय महासभा ने पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' को मंजूरी दी। 115 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, किसी ने भी विरोध नहीं किया और भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन तथा ब्रिटेन समेत 44 देश मतदान से दूर रहे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने यहूदी-विरोध, 'ईसाईफोबिया' और इस्लामोफोबिया (इस्लाम के प्रति पूर्वाग्रह) से प्रेरित सभी कृत्यों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना जरूरी है कि इस तरह का 'फोबिया' (पूर्वाग्रह) अब्राहिमी धर्मों से परे भी फैला हुआ है। उन्होंने प्रस्ताव के बारे में भारत के रुख को लेकर स्पष्टीकरण में कहा, 'स्पष्ट साक्ष्यों से पता चलता है कि दशकों से, गैर-अब्राहिमी धर्मों के अनुयायी भी धार्मिक पूर्वाग्रह से प्रभावित हुए हैं। इससे विशेष रूप से हिंदू विरोधी, बौद्ध विरोधी और सिख विरोधी धार्मिक पूर्वाग्रह के समकालीन रूपों का उदय हुआ है।'




कंबोज ने कहा, 'इस्लामोफोबिया का मुद्दा निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि अन्य धर्म भी भेदभाव और हिंसा का सामना कर रहे हैं। अन्य धर्मों के सामने आने वाली समान चुनौतियों की उपेक्षा करके केवल इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए संसाधनों का आवंटन अनजाने में बहिष्कार व असमानता की भावना को कायम रख सकता है।'

उन्होंने कहा, 'यह स्वीकार करना जरूरी है कि दुनियाभर में 1.2 अरब से अधिक अनुयायियों वाला हिंदू धर्म, 53.5 करोड़ से अधिक अनुयायियों वाला बौद्ध धर्म और तीन करोड़ से अधिक अनुयायियों वाला सिख धर्म, सभी धार्मिक पूर्वाग्रह की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम एक धर्म के बजाय सभी धर्मों के प्रति धार्मिक पूर्वाग्रह की व्यापकता को स्वीकार करें।'

इस दौरान पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और नागरिकता संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन का भी जिक्र किया।

## 6 बोनस शेयर देने जा रही यह शेयर, साथ ही 10 टुकड़ों में बंटेगा स्टॉक, सालभर से कर रहा मालामाल

**लोरेंजिनी** अपैरल्स के शेयर ने 2024 में शानदार रिटर्न दिया है। साल-दर-साल में लगभग 390 करोड़ के मार्केट कैप वाला यह स्मॉल-कैप स्टॉक एनएसई पर ?239.50 से बढ़कर 380 के स्तर पर पहुंच गया है। इस दौरान यह शेयर 60 प्रतिशत चढ़ गया है। पिछले एक साल में इस स्मॉल-कैप स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस दौरान यह 350 प्रतिशत तक बढ़ गया है।



### रिकॉर्ड तारीख 27 मार्च है

स्मॉल-कैप कंपनी के बोर्ड मेंबर ने बोनस शेयर जारी करने और स्टॉक स्प्लिट के लिए इलिजिबल शेयरधारकों को फाइनल रूप देने की रिकॉर्ड तारीख 27 मार्च 2024 तय की है। कंपनी ने 6:11 रेशियो में बोनस शेयरों की घोषणा की है। साथ ही बोर्ड ने 1:10 अनुपात में स्टॉक स्प्लिट की घोषणा की है। स्मॉल-कैप मल्टीबैगर स्टॉक ने कॉर्पोरेट विकास के बारे में भारतीय शेयर बाजार एक्सचेंजों को सूचित करते हुए कहा, 'सेबी विनियम, 2015 के विनियमन 42 के संदर्भ में, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि शेयरधारकों की मंजूरी के अनुसार पोस्टल बैलेट प्रक्रिया 14 मार्च 2024 को, निदेशक मंडल ने 15 मार्च 2024 को अपनी बैठक में बुधवार, 27 मार्च 2024 को 'रिकॉर्ड डेट' के रूप में निर्धारित किया है।

### कंपनी के शेयरों का हाल

स्मॉल-कैप स्टॉक का अपने शेयरधारकों को शानदार रिटर्न देने का हिस्ट्री रहा है। पिछले एक साल में स्टॉक बेस बिल्डिंग मोड में रहा है लेकिन फिर भी इसने YTD समय में 60 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। पिछले छह महीनों में यह स्मॉल-कैप स्टॉक 70 प्रतिशत तक चढ़ गया है, जबकि पिछले एक साल में इसने अपने शेयरधारकों को 350 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, पिछले पांच सालों में, यह स्मॉल-कैप स्टॉक लगभग 5.50 से बढ़कर ?380 के स्तर पर पहुंच गया है, इस दौरान इसमें 6,800 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।' यह मेनबोर्ड मल्टीबैगर स्टॉक बीएसई और एनएसई दोनों पर कारोबार के लिए उपलब्ध है। इस स्मॉल-कैप स्टॉक का वर्तमान मार्केट कैप लगभग 390 करोड़ है। इसका मतलब है कि मल्टीबैगर स्टॉक एक लो-फ्लोट स्टॉक है।

# अगर आयुष्मान को 1200 करोड़ रुपये नहीं मिले तो कई अस्पताल बंद हो जायेंगे

रायपुर। राज्य में सरकारी स्कीम से आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने वाले निजी अस्पतालों के लगभग 1200 करोड़ अटक गए हैं। विधानसभा की आचार संहिता के पहले ही प्राइवेट अस्पतालों का भुगतान रोक दिया गया था।




पिछले महीने करीब 250 करोड़ का भुगतान किया गया, लेकिन किसी अस्पताल को 20 तो किसी 50 हजार तक ही पेमेंट हुए।

करीब 10-12 दिनों के भीतर पूरा बजट बंट गया। इस बीच अस्पतालों का बैलेंस फिर 12 सौ करोड़ के आस-पास पहुंच गया। लंबे समय से भुगतान अटकने से रायपुर-बिलासपुर में छोटे और मंझोले अस्पताल बंद होने लगे हैं। शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर कहा- तुरंत भुगतान की व्यवस्था नहीं हुई तो कई अस्पताल बंद हो जाएंगे।

आयुष्मान और डा. खूबचंद बघेल योजना के तहत फ्री इलाज का सिस्टम पिछले साल अगस्त सितंबर से ही गड़बड़ा गया है। नर्सिंग होम संचालकों से कहा गया था कि चुनाव की आचार संहिता लगने के पहले भुगतान कर दिया जाएगा। ऐसा नहीं हुआ। चुनाव के बाद आचार संहिता हटने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया।

इस बीच क्लेम की राशि करीब 12 सौ करोड़ रुपए हो गई। अस्पताल संचालकों की ओर से दबाव बनाने पर करीब ढाई सौ करोड़ का भुगतान किया गया। ये पैसे सभी अस्पतालों को बांटे गए। आश्वासन दिया गया था कि बाकी पेंडिंग का भी भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। ऐसा नहीं हुआ। अब फिर लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने वाली है।

इस वजह से शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिध मंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की और उन्हें बताया कि बैंकों लोन अदा नहीं कर पाने के कारण कई अस्पताल बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। जल्द ही ईएमआई के लिए पैसे नहीं मिले तो डाक्टरों के पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। आईएमए के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया गया है कि उनकी समस्या का निराकरण जल्द किया जाए।

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख फिर बढ़ी

# अब 30 अप्रैल 2024 तक कर सकते हैं आवेदन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आम नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे, ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने आनलाइन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 30 अप्रैल 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही खाद्य विभाग की वेबसाइट से इस एप को डाउनलोड कर सकते हैं। राशन कार्ड धारक अपने मोबाइल में इस ऐप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है। अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए राशन कार्ड के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

रायपुर मे बदलेगा मौसम का मिजाज

# गर्मी से मिलेगी राहत, चार दिन अंधड़ के साथ बारिश के आसार

रायपुर। आने वाले चार दिन राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के लोगों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिलने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार शाम से ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ के साथ ही बादल गरजने की संभावना है।



विभाग का कहना है कि द्रोणिका केसाथ ही चक्रीय चक्रवाती के प्रभाव से 17,18 व 19 मार्च को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ ही बारिश के आसार है। 20 मार्च के बाद से ही प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा।

शुक्रवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा और तापमान में हो रही बढ़ोतरी के चलते उमस भी बढ़ी है। दोपहर की तेज धूप अब चुभने लगी है तथा गर्म हवाएं भी चलने लगी है। प्रदेश भर में तिल्दा सर्वाधिक गर्म रहा,एआरजी तिल्दा में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियसदर्ज किया गया। इसी प्रकार रायपुर का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री दर्ज किया गया। इस प्रकार रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर ओडिशा व उसके आसपास 0.9 किमी ऊंचाई तक है। साथ ही एक द्रोणिका छत्तीसगढ़ से विदर्भ होते हुए 0.9 किमी ऊंचाई तक फैली है। इसके प्रभाव से प्रदेश में 16 से 20 मार्च तक बारिश के आसार बने हुए है।

### 16 मार्च को इन क्षेत्रों में अंधड़ की संभावना

मौसम विज्ञानियों के अनुसार शनिवार 16 मार्च से प्रदेश का मौसम बदल रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चल सकती है। विशेष रूप से कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर, बलौदाबाजार, रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद, कांकेर और राजनांदगांव जिले के कुछ क्षेत्रों में तेज अंधड़ चल सकती है।

### 17 मार्च को ऐसा रहेगा मार्च

रविवार 17 मार्च को जशपुर,सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर, कोरबा, बिलासपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, कोंडागांव, कांकेर, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा,रायपुर में तेज अंधड़ के साथ बादल भी गरजेंगे। साथ ही सोमवार 18 मार्च को भी बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, जांजगीर, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, कोरिया, कबीरधाम सहित कई क्षेत्रों में अंधड़ चलने व बादल गरजने की संभावना है।

# चौराहों पर एंबुलेंस पहुंचते ही सिग्नल हरे हो जाएंगे




**रायपुर।** राजधानी रायपुर के चौक-चौराहों पर अब एंबुलेंस पहुंचते ही सिग्नल ग्रीन हो जाएंगे। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नगर निगम और यातायात पुलिस के साथ मिलकर पहल की है।

इस एंबुलेंस ग्रीन कॉरिडोर सर्विस की रायपुर में शुरुआत हो गई है। इस तकनीक के बाद अब कम से कम समय में मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा।

इस प्रोजेक्ट के संबंध में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा के अनुसार मरीजों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए ये ऑटोमैटिक सिस्टम शुरू किया गया है। तकनीक से लैस 108 एम्बुलेंस से मैसेज मिलते ही ये सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। इससे एंबुलेंस कम समय में अस्पताल तक पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तहत शहर में सेवा दे रहे 108 से जुड़े एंबुलेंस को इससे जोड़ा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर में DSP की मां के साथ चेन स्नैचिंग

सुबह मार्निंग वाक पर निकली थी बुजुर्ग महिला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस और कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं है। इसका जीता-जागता उदाहरण रायपुर से सामने आया है, जहां चेन स्नैचरों ने डीएसपी की मां को ही अपना शिकार बना लिया।मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर पदस्थ अधिकारी की मां शनिवार सुबह मार्निंग वाक पर निकली थीं। 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला जैसे ही शंकर नगर चौपाटी के पास पहुंची, वहां बाइक सवार दो अज्ञात नकाबपोश चेन स्नैचरों ने बुजुर्ग महिला के गले से चेन छीनकर फरार हो गए। अब पुलिस सीसीटीवी से चेन स्नैचरों की तलाश करने में लगी हुई है।

### पीएम आवास दिलाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी

**रायपुर** । बीएसयूपी कालोनी उरला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिलाने के नाम पर 3 लोगों से 45 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बृजेश सिंह क्षत्री नगर निगम बीरगांव का आयुक्त है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी प्रहलाद नेताम 25 वर्ष ने बीएसयूपी कालोनी उरला क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलाने के नाम पर 3 लोगों से 45 हजार रुपए ले लिया और नगर निगम बीरगांव का फर्जी रसीद पर फर्जी सील लगाकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर** । सुदामानगर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी विकाश गुप्ता 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आकाश साहू, नानु यादव व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर डंडा से मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी आकाश साहू 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विकाश गुप्ता ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर ऑपरेशन ब्लेड से दाहिने हाथ पर मारकर चोट पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# उपभोक्ता अधिकार दिवस का पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन

**किसी भी किस्म की ठगी होने पर उचित मंच पर करें शिकायत:श्री डी. पी. शर्मा**




**रायपुर।** आज श्री डी.पी. शर्मा अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम रायपुर की गरिमामय उपस्थिति में उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री शर्मा के द्वारा आम उपभोक्ताओं के अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित समस्त जागरूक उपभोक्ताओं को अपने परिवेश में आने वाले सभी उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी किस्म की ठगी होने पर उचित मंच में शिकायत करने की प्रक्रिया की जानकारी दिया। साथ ही मुख्य सचिव द्वारा वर्तमान परिवेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होने वाले ठगी प्रकरणों के प्रति बचाव के निर्देश का पालन करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक विधिक माप विज्ञान के निरीक्षक गण, उपभोक्ता प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में विधि छात्रगण उपस्थित रहे।

# डब्ल्यूडीसी एवं पीएमकेएसवाई 2.0 योजनांतर्गत संविदा पद भर्ती की दावा आपत्ति की सूचना




**रायपुर।** डब्ल्यू.डी.सी एवं पी एम.के.एस.वाई. 2.0 योजनांतर्गत जिला रायपुर विकासखंड तिल्दा में संचालित परियोजना में डब्ल्यू.सी.डी.सी हेतु तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी), लेखापाल सह डाटा एण्ट्री आपरेटर डब्ल्यू.सी.डी एवं परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी हेतु डब्ल्यू.डी.टी संदस्य (यांत्रिकी), डब्ल्यू.डी.टी संदस्य (समूह विकास) डब्ल्यूडीटी संदस्य (आजीविका), लेखापाल सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर डब्ल्यू.डी.टी के संविदा अनारक्षित पद भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर आवेदन पत्र मंगाया गया था। चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदन का स्क्रुटनी कर मेरिट सूची तैयार की गई है। मेरिट सूची को दावा आपत्ति हेतु रायपुर जिले के ऑफिसियल वेबसाईड तंपचनतण्हवअण्पद में 15 मार्च को अपलोड कराया गया है। आवेदक 15 मार्च से 09 अप्रैल 2024 तक पोस्ट या डाक के माध्यम से कार्यालय उप संचालक कृषि, कलेक्टोरेट परिसर, घड़ी चौक रायपुर पिन नं. 492001 में उप संचालक कृषि के नाम से आवेदन/पत्राचार कर दावा आपत्ति कर सकते है। समय-सीमा समाप्त होने के पश्चात् दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेंगा।

# विद्युत उपकेन्द्र, उपपंजीयक भवन, बालक छात्रावास का लोकार्पण

रायपुर। स्वामी आत्मानंद स्कूल तिल्दा-नेवरा में शुक्रवार को लोकार्पण और शिलान्यास समारोह हुआ। मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद सुनील सोनी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल, भाजपा तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु, पार्षद वार्ड 22 देवदास टंडन मौजूद थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री टंकराम वर्मा ने की। समारोह में तिल्दा वार्ड 22 में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हमर क्लिनिक का लोकार्पण, स्वामी आत्मानंद स्कूल नेवरा में प्रार्थना शेड का शिलान्यास, हाई स्कूल ससाहोली में प्रार्थना शेड का शिलान्यास, बीएनबी शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड का शिलान्यास किया गया। वहीं ग्राम कोटा में 247 लाख से 33 किलो वाट के बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण किया। उप पंजीयक भवन तिल्दा का लोकार्पण किया। भींभौरी स्कूल के लिए 25 लाख और आगामी बजट में डीएड, बीएड कॉलेज खोलने के लिए प्रावधान करने की बात कही है। औद्योगिक संस्थान तिल्दा में 50 सीटर बालक छात्रावास का लोकार्पण किया। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार की सोच है कि सभी वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा हो सभी का जीवन सुखमय हो। आप सभी ने राज्य में सबसे ज्यादा वोट से जिताया, अब आप सभी से निवेदन है कि पूरे देश में सबसे ज्यादा वोट से जिताएं। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि मुझे तो पूरा लोकसभा क्षेत्र समझने में समय लगा, लेकिन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एक-एक गांव 30-35 साल से घूमे है, जिनका पूरा फायदा विकास कार्यों के रूप में मिलेगा। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा रायपुर लोकसभा से मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को भाजपा ने टिकट दी है। हर बार की तरह लोकसभा चुनाव में भी बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी जीत का इतिहास रचना है।

कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा के लोगों के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि कुछ महीने पूर्व आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद हम सभी को प्राप्त हुआ है। खासकर तिल्दा नेवरा में आचार्यजी एक हफ्ते से अधिक समय तक रुके थे। मंत्री ने घोषणा की कि उनके नाम पर ससहोली स्कूल का नाम होगा।

# अलंग को बिलासपुर कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार, शिखा बनीं वन विभाग सचिव

**रायपुर।** रायपुरसंभाग आयुक्त संजय कुमार अलंग को बिलासपुर संभाग आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि, बिलासपुर संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी को वन विभाग का सचिव बनाया गया है। राज्य सरकार ने शुक्रवार की देर शाम कुछ प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला सूची जारी किया है, जिसमें बिलासपुर और रायपुर कमिश्नर का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि संजय अलंग पूर्व में भी बिलासपुर संभागायुक्त के पद पर रह चुके हैं और वर्तमान में रायपुर संभागायुक्त के प्रभार में हैं, राज्य शासन ने उन्हें अब बिलासपुर संभागायुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आश्रम शालाओं और छात्रावासों के निरीक्षण के लिए जिले में 31 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदारों जैसे वरिष्ठ अफसरों को नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियमित निरीक्षण की जवाबदारी सौंपी है। प्रत्येक अधिकारी को दो से पांच तक की संख्या में आश्रमों के निरीक्षण कर प्रति माह रिपोर्ट देनी होगी। कन्या आश्रमों व छात्रावासों के लिए महिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साप्ताहिक टीएल की बैठक में आश्रम व छात्रावासों के हालात पर नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।



गौरतलब है कि जिले में ट्राइबल एवं स्कूल शिक्षा विभाग मिलाकर 88 आश्रम एवं छात्रावास संचालित हैं। इनमें छात्र और छात्राएं मिलाकर तकरीबन पांच हजार विद्यार्थी रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों के संबंध में समय-समय पर मिल रही शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए राज्य शासन के निर्देश पर नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। निरीक्षण में नोडल अधिकारी देखेंगे कि अधीक्षिका अनिवार्य रूप से आश्रम छात्रावास में रहें। बच्चों का नियमित अंतराल पर मेडिकल चेकअप हो। आवश्यकतानुसार महिला होमगार्डो की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा शासन के निर्देशों के अनुरूप आश्रम व हास्टल संचालन के हर पहलु का निरीक्षण कर जिला कलेक्टर को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# छत्तीसगढ़ सरकार अपने 4.5 लाख कर्मचारियों एवं 1 लाख पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत न देकर मोदी की गारंटी का अनादर किया-करन सिंह अटेरिया

जोहार छत्तीसगढ़–कसडोल।

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया, प्रांतीय सचिव मंजू ठाकुर, महामंत्री दुलेश्री कुर्रे, केपी श्रीवास, वी.एल पटेल, एवं शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मोदी की गारंटी पर आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार अपने 52 लाख कर्मचारियों एवं 68 लाख पेंशनरों को 1 जुलाई 23 से 46: तथा 1 जनवरी 24 से 50: महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दे रही है लेकिन वित्त विभाग छत्तीसगढ़ सरकार अपने 4.5 लाख कर्मचारियों एवं 1 लाख पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत न देकर मोदी की गारंटी का अनादर किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने कर्मचारियों को 1 मार्च 24 से 46: महंगाई भत्ता देने का आदेश 15 मार्च 24 को जारी किया है। जबकि केन्द्र में 1 जुलाई 23 से 46: महंगाई भत्ता स्वीकृत हुआ था। जो कि 1 जनवरी 24 से 50: हो गया है। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 24 से 46: स्वीकृति आदेश से कर्मचारियों को 1 जुलाई 23 से 29 फरवरी 24 तक कुल 8 माह में हजारों में आर्थिक नुकसान



हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण वेतन 2017 के मूलवेतन में कर्मचारियों को हुए न्यूनतम आर्थिक नुकसान का विस्तृत जानकारी दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया ने कहा है कि यह आदेश प्रदेश के पांच लाख कर्मठ कर्मचारियों के साथ छलावा है क्योंकि पिछली सरकार ने पिछले पांच साल महंगाई भत्ते के लिए तरसाया और सारा एरियर डकार गई। अब यह सरकार भी उसी रास्ते पर चलती दिख रही है क्योंकि बड़े बड़े होर्डिंग और करोड़ों के पोस्टर पर मोदी की विश्वसनीय गारंटी की बात कहने वाली वर्तमान सरकार ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र में केंद्र के समान महंगाई भत्ताध्राहत देने का वादा किया था लेकिन केन्द्र के बराबर 50: भत्ता तो दूर जो 4: दिया भी है तो वो भी 1 मार्च से मतलब पिछले 8 महीने का एरियर यह सरकार भी दबा गई। साथ ही पेंशनर्स के महंगाई राहत का कोई जिक्र आदेश में नहीं है और ना ही सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त का आदेश हुआ है। जबकि बड़े भाई मध्यप्रदेश शासन ने अपने कर्मचारियों को जुलाई 2023 से ही महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। इसी प्रकार उत्तरप्रदेश जैसे और कई बड़े राज्यों ने जिनका स्थापना व्यय बहुत अधिक है, उन्होंने भी केंद्र के बराबर और देय तिथि से अपने कर्मचारियों को उनका हक दिया है तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपने कर्मचारियों के साथ छलावा है।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 'शिक्षादूत' पुरस्कार से सम्मानित हुई रंजना साहू

**दल्लीराजहरा** – मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार 2023 के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक 2 संकुल केंद्र कुसुमकसा विकासखंड डौंडी की शिक्षिका रंजना साहू को शिक्षा की क्षेत्र पर उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा शिक्षा दूत पुरस्कार मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र, 5000 की राशि, शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनके उल्लेखनीय कार्य यह बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं पठन-पाठन में नवाचार एवं गतिविधि आधारित अध्यापन कार्य कबाड़ से जुगाड़ विज्ञान मॉडल बनाना, राज्य स्तर व जिला स्तर पर बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल कर प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए प्रेरित करना , नवोदय की परीक्षा में विकास खंड स्तर पर बच्चे का प्रथम स्थान, कब बुलबुल , गोल्डन एरो अवार्ड के लिए बच्चों को प्रेरित करना व प्रमाण पत्र दिलाना , शिक्षण शैली बाल केंद्रित मनोरंजक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में रुचिकर है इन्होंने कोरोना काल के दौरान बच्चों को निशुल्क मास्क




सेनीटाइजर एवं मोहल्ला क्लास संचालित कारण पढ़ाई तूहर द्वार के अंतर्गत मोहल्ला क्लास ब्लूटूथ एवं ऑनलाइन कक्षाएं लेकर बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखा गुजरात राज्य के साथ ट्विनिंग कार्यक्रम का संचालन, योग अभ्यास माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम अंगना में शिक्षा , खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता, बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री का आर्थिक सहयोग, प्रौढ़ शिक्षा के अंतर्गत साक्षरता अभियान में सहयोग, एफ एल एन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम मे विकासखंड स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर के रूप में सफल भूमिका निभाई, राज्य अनुसंधान के अंतर्गत खिलौना निर्माण शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल रहे हैं । विकासखंड स्तर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार रंजना साहू भुनेश्वरी साहू मंजू लता श्रवण महिला शिक्षिकाओं को नवाजा गया।आपके उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह भारद्वाज विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सच्चिदानंद शर्मा विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयको जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों द्वारा विकासखंड के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आपको बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया न्योता भोजन

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पलारी द्वारा ग्राम गातापार के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज में शामिल हुए शाला के बालक बालिकाओं के साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शिक्षकों ने जमीन पर बैठकर भोजन किया भोजन में खीर, पूरी,सब्जी,चावल, दाल सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों परोसे गए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है। इस योजना के अंतर्गत जन्मदिन, वर्षगांठ,राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार आदि के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया जा सकता है



किसी कड़ी में 16 मार्च को संकुल समन्वयक दतान प एवं वरिष्ठ शिक्षक योगेश कुमार वर्मा ने अपने जन्मदिन के एक दिवस पूर्व शाला के परिसर में न्योता भोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर वि.ख.शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा सहा विख शि.अधि. एनके वर्मा ग्राम पंचायत गातापार की सरपंच जानकी ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओकीस यादव, रोजगार सहायक हिना ध्रुव, प्रधान पाठक लखन लाल सेन,शकुंतला वर्मा,वरिष्ठ शिक्षक, हरिशंकर वर्मा, भूपेन्द्र नाथ साहू,अशोक कुमार साहू रामजी ध्रुव, दिनदयाल ध्रुव, संतकुमार जलहरे,सोहन लाल साहू एवं विद्यालय परिवार के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भोपाल में आयोजित द्वितीय अंतराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के ललित दुबे ने चित्रकला में किया प्रतिनिधित्व

**बालोद।** द्वितीय अंतराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन 9 एवं 10 मार्च 2024 को तुलसी

मानस प्रतिष्ठान और रामायण केन्द्र भोपाल द्वारा मानस भवन भोपाल में किया गया। प्रर्दशनी का उद्घाटन रघुनन्दन शर्मा पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान की अध्यक्षता एवं धर्मेन्द्र सिंह लोधी संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन तथा विशेष अतिथि अजित सिंह चौहान इंडोनेशिया के द्वारा किया गया।



प्रर्दशनी में दक्षिण एशियाई देशों कम्बोडिया, म्यांमार, लाओस, इंडोनेशिया के दुर्लभ मंदिरों के चित्र लगाये गये थे। छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी ललित दुबे के द्वारा राम-राम शब्दों से बनी चित्रकला विशेष आर्कषण का केन्द्र रहा। सामान्यत: चित्रकला रंग एवं ब्रस से बनाया जाता है किन्तु ललित दुबे द्वारा बनाई गई चित्रकला शैली से हटकर है। रंगीन पेन से ड्राइंग शीट पर राम-राम लिखते जाते है और कलाकृति बनती जाती है। एक नजर में पेंटिग सामान्य लगता है किन्तु गौर से देखने पर अत्यंत छोटे शब्दों से राम-राम लिखा नजर आता है। चित्रकला में रंगों में, रेखाओं में राम ही राम नजर आता है। प्रर्दशनी में 3 ङ्ग 2 फिर के ड्राइंग शीट साइज का विभिन्न देवी-देवताओं का तांत्रिक यंत्र, मार्डन एवं पारम्पारिक शैली के राम-राम शब्दों से 25 चित्र लगाये गये। इनके मुख्य आर्कषण का केन्द्र 35 फिट लम्बे ड्राइंग शीट पर राम-राम लिखकर रामायण के मुख्य प्रसंगों का जिससे राम जन्म से राम दरबार तक का चित्रण किया गया है चित्रकला अत्यंत दुर्लभ कृति है जिसमें करोड़ों बार राम-राम लिखकर रामायण बनाया गया है।

रामायण कृति के लिये चित्रकला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड से लांगेस्ट टाइपोग्राफिक पेंटिंग के नाम से दर्ज किया गया है। ललित दुबे को चित्रकला एवं मूर्तिकला, समाज सेवा में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। ललित दुबे के पेंटिंग प्रर्दशनी में डॉ. राजेश श्रीवास्तव निर्देशक रामायण केन्द्र भोपाल, डॉ. आर. जी. सोनी सेवानिवृत्त अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक म.प्र. एवं लेखक राम वनगमन पथ पुनरावलोकन शोध ग्रंथ, श्री कमेश जैमिनी वरिष्ठ छायाकार एवं उपाध्यक्ष प. राम किंकर उपाध्याय शोध केन्द्र सत्येन्द्र शर्मा भिलाई का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव तक सारंगढ़ कलेक्टोरेट का जनदर्शन बंद

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन के आदर्श आचरण संहिता लागू होने पर जिले के सभी नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनदर्शन को बंद करने का निर्णय लिया है। प्रति सोमवार को कलेक्टोरेट सारंगढ़ में आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम, जिसमें सभी नागरिक अपनी मांग, शिकायत, सुझाव आदि लेकर कलेक्टर से मुलाकात करते हैं, वह लोकसभा निर्वाचन के कार्यों के कारण जनदर्शन को बंद किया है। ऐसे नागरिकए जिनका कलेक्टर से मुलाकात करना जरूरी हैं, वे कार्यालयीन दिवस में कलेक्टर कार्यालय आकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### निर्वाचन आचार संहिता लागू कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सभी अवकाश पर लगाया प्रतिबंध

बिना अनुमति अवकाश और मुख्यालय छोड़ने पर होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।

निर्वाचन आचार संहिता लागू होने पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन जैसे लोक महत्व के कार्य को दृष्टिगत रखते हुए एतद् द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की कार्यवाही संपन्न होने तक जिले में स्थित सभी शासकीयए अर्द्धशासकीय, केन्द्रीय कार्यालयों एवं भारत सरकार के उपक्रमों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहू ने आदेश में कहा है कि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़ अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना किसी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की दशा में संबंधित कार्यालय प्रमुख, नियंत्रण अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

### राज्य सरकार के 215 ट्रांसफर आदेश हाईकोर्ट ने किए निरस्त

केंद्रीय चुनाव आयोग के जारी पत्र के आधार पर किया गया था तबादला

**बिलासपुर ।** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों के किए तबादले के खिलाफ में बड़ा एक्शन लिया है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख और जनपद पंचायत के सीईओ (ट्रायबल विभाग) के 215 ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर दिया है. बता दें कि राज्य सरकार ने 23 फरवरी को केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा जारी पत्र को आधार बनाकर ट्रांसफर किए थे, लेकिन 27 फरवरी को केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अन्य पत्र जारी कर 23 फरवरी के पत्र में दिए गए आदेश को स्पष्ट किया. जिसके बाद इस ट्रांसफर आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में 60 से अधिक याचिकाएं लगाई गई थी.

दरअसल, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार ने प्रदेश भर के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जनपद पंचायत के सीईओ सहित प्रशासनिक अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है. राज्य शासन के इस ट्रांसफर आदेश को चुनौती देते हुए प्रशासनिक अफसरों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की है. याचिकाकर्ता प्रशासनिक अफसरों ने तर्क दिया है कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने बीते 27 फरवरी को लोकसभा चुनाव में कार्यकाल और ट्रांसफर को लेकर नया स्पष्टीकरण दिया है. जिसके मुताबिक लोकसभा चुनाव में तीन साल के कार्यकाल का नियम केवल रिटर्निंग ऑफिसर और असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर पर लागू होता है. लेकिन राज्य सरकार ने आयोग के निर्देशों को आधार पर बनाकर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक व जनपद पंचायतों के सीईओ का भी ट्रांसफर आदेश जारी कर दिया है, जिसे निरस्त किया जाना चाहिए.

# रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के 47 कार्यों हेतु 15 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत

## बीटी व सीसी रोड, 20 लाख लीटर के ओव्हर हेड टेंक व विभिन्न स्थानों पर मुक्तिधाम के निर्माण कार्य स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

राज्य शासन ने नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न 47 निर्माण तथा विकास कार्यों के लिए 15 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी की पहल से निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव स्वीकृति प्रदान की है। इन निर्माण कार्यों में शहर के भीतर डामरीकृत सड़कों व सीसी रोड निर्माण को प्राथमिकता से शामिल किया गया है। इसके साथ ही 20 लाख लीटर के ओव्हर हेड टेंक का निर्माण भी शामिल है जिससे शहर के भीतर जल आपूर्ति में सुविधा होगी। शहर में विभिन्न स्थानों पर मुक्तिधाम के निर्माण भी स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में अधोसंरचना मद अंतर्गत 25 कार्यों के लिए 7 करोड़ 99 लाख 22 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। वहीं 15 वे वित्त आयोग के अनटाईड ग्रांड अंतर्गत 20 कार्यों के लिए 4 करोड़ 69 लाख 80 हजार व टाईड ग्रांड जल प्रबंधन हेतु 2 कार्यों के लिए 2 करोड़ 41 लाख 95 हजार सहित कुल 15 करोड़ 10 लाख 97 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत 25 कार्यों में 48 लाख 50 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर चौक से शालिनी स्कूल तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 34 लाख 97 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 18/19 तुलसी होटल से गांधी प्रतिमा एवं मालधक्का रोड तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 48 लाख 58 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला स्कूल से पीपल पेड़ तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 49 लाख 33 हजार रुपये की लागत से उर्दना में मेन रोड से 6 वीं बटालियन ऑफिस तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 50 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 42 अमलीभौना प्राथमिक शाला से बाबाधाम मुख्य मार्ग से बस्ती तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 15 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक मेन रोड से सहदेवपाली बस्ती तक सीसी रोड निर्माण कार्य, 35 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 08/09 रियापारा चौक से संबरी स्प्रे पेंटिंग शॉप चांदमारी (रामपुर मेन रोड)तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 35 लाख 15 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 41 छातामुड़ा मेन गेट से बस्ती तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 01 करोड़ 21 लाख 73 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 37 शंकर टिम्बर (पुलिया)से बेनीकुंज तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 17 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 33 गांधी नगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से मेन रोड तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 03 लाख 50 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 22 उदासी घर से माखीजा घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 45 भगवानपुर शिव मंदिर से स्कूल तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 30 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 27 गुरू द्रोण स्कूल से शिशुपाल घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 23 लाख 80 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 23 चक्रधरनगर चौक से गांगुली घर कसेर पारा तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 05 लाख 39 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 9 लता सदन से पप्पू किराना तक सीसी रोड निर्माण कार्य, 09 लाख 96 हजार रुपये

**वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल पर निर्माण कार्यों के लिए मिली स्वीकृति**

की लागत से वार्ड क्रमांक 38 रेखा ब्यूटी पार्लर से सोनकर घर एवं जायसवाल घर से महंत घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 04 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 32 पंडा घर से पप्पू घर तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य, 20 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 2 में बुजबधान तालाब के पास नाला निर्माण कार्य, 42 लाख 98 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 10 मधुवन मस्जिद से बाबा सिंह घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, 36 लाख 83 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 10 एस.एल.आर.एम.सेंटर के बगल में मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 20 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 28 में पंजरी प्लांट के पास मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 40 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 10 सीएमएचओ तिराहा भगवानपुर मुक्तिधाम में बाउण्ड्रीवाल, दरवाजे एवं पाथवे निर्माण कार्य, 30 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 29 में कयाघाट मुक्तिधाम में पाथवे, शेड एवं अन्य निर्माण कार्य, 30 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 47 मरघट्टी पारा विजयपुर में पाथवे, शेड एवं अन्य निर्माण कार्य व 35 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर मुक्तिधाम निर्माण कार्य के काम शामिल है। इसी प्रकार 15 वे वित्त आयोग अनटाईड ग्रांड अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में 12 लाख 55 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 2 में लक्ष्मण घर से शीतला मंदिर तथा शीतला मंदिर से गोविन्द भवन तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 6 लाख 80 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 3 में फिरत ओंगरे घर से रेमिश बैंक घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 7 लाख 9 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर में मुख्य मार्ग (जीएसटी कार्यालय) के पास से पिन्टु शर्मा घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 10 लाख 8 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 5 बापू नगर में केजीएन होटल से शौकी सिंह घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 15 लाख 32 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 18 पोस्ट ऑफिस के पीछे ओम मोबाईल से सांसद निवास तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 15 लाख 35 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 19 सुभाष चौक श्याम मंदिर के पास आरसीसी नाली निर्माण कार्य, 22 लाख 05 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 20 शहीद चौक से शनि मंदिर तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 5 लाख 44 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 21 शशि घर से गुप्ता घर तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य, 29 लाख 83 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 22 सुरभि डेयरी से सुमित घर की ओर मुख्य मार्ग के पास तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 14 लाख 80 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 24 मोदी नगर में पौनी पसारी के पास नाला निर्माण कार्य, 88 लाख 76 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 26/27 जियो मार्ट के सामने से हाऊसिंग बोर्ड बिल्डिंग तक अतरमुड़ा रोड बीटी सड़क निर्माण कार्य, 15 लाख 77 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 27 में शुभ ब्यूटी पार्लर से जगन्नाथ पुरम कालोनी तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 40 लाख 53 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 28/29 आयुर्वेदिक हॉस्पिटल से मिनी माता चौक तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 4 लाख 13 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 29 जेल काम्पलेक्स से शनि मंदिर पुलिया तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य, 32 लाख 70 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 29/30 पंडित दीनदयाल गार्डन से कयाघाट चौक तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 05 लाख 07 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 37 प्रायमरी हेल्थ सेंटर मेन रोड से नामदेव महिलाने घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, 05 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 39 दीपमाला घर से रेलवे बंगलापारा स्कूल जयहिंद गली तक सीसी रोड एवं बाक्स कल्वर्ट निर्माण कार्य, 09 लाख 84 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्रमांक 45 टाटा शोरूम से हनुमान नाला तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य, 80 लाख 20 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 47 क्रेजी फास्ट फूड सेंटर से विजयपुर चौक से इंदिरा विहार चौक तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 48 लाख 49 हजार रुपये की लागत से मुख्य मार्ग के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत टाईड ग्रांड जल प्रबंधन के तहत 72 लाख 39 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 19 टाऊन हाल निगम कार्यालय फिडर लाईन एवं डिस्ट्रीब्यूशन बिछाने का कार्य तथा 01 करोड़ 94 लाख 18 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 19 टाऊन हाल परिसर में 20 लाख लीटर क्षमता का ओव्हर हेड टेंक का निर्माण कार्य शामिल है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 17 मार्च 2024

## बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म शैतान की कमाई भारत में 80 करोड़ रुपये की ओर



क्वीन और मनमर्जियां जैसी सुपरहिट फिल्में दर्शकों के सामने पेश कर चुके विकास बहल आजकल अपनी हालिया रिलीज फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में हैं।हॉरर और सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म को दर्शकों को बेशुमार प्यार मिल रहा है।इस फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन आमने-सामने हैं। दोनों की बेहतरीन अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक नोट छाप रही है। अब शैतान की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने बुधवार को 6.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 74 करोड़ रुपये हो गया है।



## संदीपा धर ने ब्लैक आउटफिट में गिराई बिजली, यूजर्स हुए घायल

बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में संदीपा को ब्लैक कलर की स्टाइलिश ड्रेस में देखा जा सकता है, जो उनके फिगर को काफी कॉम्पलिमेंट दे रही है.

उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके पूरे लुक को और भी निखार रहे हैं. साथ ही, उन्होंने खूबसूरत गोल्डन इयररिंग्स भी पहने हुए हैं. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए संदीपा ने लिखा, काले कपड़े पहने लाल झंडा. उनकी तस्वीरों को इतना प्यार मिल रहा है कि कैप्शन की जरूरत ही नहीं है. कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं.

यूजर्स संदीपा के लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कुछ यूजर्स ने उन्हें ब्यूटीफुल, स्टनिंग और गॉर्जियस जैसे कमेंट्स किए हैं, तो वहीं कुछ ने उनके ड्रेस और मेकअप की भी तारीफ की है. साथ ही उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

००

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा

## स्कूप ने दिलाई अभिनय की दुनिया में नई पहचान

2001 में एक टीवी शो से अभिनय में कदम रखने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा कि 2023 में रिलीज हुई सीरीज स्कूप ने उन्हें अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई। एक्ट्रेस ने बताया कि इसके बाद ही लोगों ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया।

लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक्ट्रेस ने बताया, सीरीज स्कूप से पहले भी लोग मुझे इस इंडस्ट्री में जानते थे। मगर स्कूप ने मुझे अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई है। इसके बाद ही इंडस्ट्री ने मुझे गंभीरता से लेना शुरू किया। मेरे काम के बाद लोगों में मेरे प्रति बदलाव आया।

एक्ट्रेस ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के सपनों और जुनून को रैंप पर उतारा।

यह पूछे जाने पर कि जब वह इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं तो क्या उन्हें सपोर्ट मिला, करिश्मा ने कहा, नहीं, मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। मैं इस इंडस्ट्री से नहीं आई थी। मेरा कोई कनेक्शन नहीं था।

एक्ट्रेस आज जहां हैं उसके लिए वह अपनी किस्मत और अपनी मां को श्रेय देती हैं।

करिश्मा ने आगे कहा, मेरे करियर में भाग्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मेरी कड़ी मेहनत, मेरे सपने और मेरे जुनून ने मेरे सपने सच किए। मैं एक बात को लेकर साफ थी कि मैं कुछ बनना चाहती हूं, जिससे मुझे अलग पहचान मिले।

उन्होंने कहा, मैंने बस उस जुनून और अपने सपने को जीया और मैंने इसे भगवान और अपनी मां पर छोड़ दिया। मैंने कड़ी मेहनत की और सब कुछ वैसा ही हुआ, जैसा मैं चाहती थी।



## विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की फैमिली स्टार का टीजर हुआ रिलीज़, 5 अप्रैल को होगी दुनियाभर में रिलीज



तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की आगामी फिल्म फैमिली स्टार का टीज़र रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म का निर्देशन पारसुरम ने किया है.यह फिल्म तेलुगु, तमिल और हिंदी भाषाओं में 5 अप्रैल को दुनियाभर में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. टीजर में रोमांस और एक्शन का तड़का देखने को मिल रहा है. विजय देवरकोंडा अपने स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं मृणाल ठाकुर भी बेहद खूबसूरत लग रही हैं. टीजर में एक सच्चे फैमिली मैन (विजय देवरकोंडा) की कहानी दिखाई गई है - वह खाना बनाता है, प्यार करता है, जरूरत पड़ने पर गुंडों से लड़ता है - वह यह सब करता है. यह साबित होने के बाद कि विजय देवरकोंडा वास्तव में एक फैमिली स्टार हैं हमें मृणाल ठाकुर के कैरेक्टर से इंट्रोड्यूस करवाया जाता है. विजय और मृणाल एक बस स्टैंड पर मिलते हैं. वह विजय से उसे उसके कॉलेज तक छोड़ने के लिए कहती है. वह जवाब देता है, मेरे लिए पेट्रोल खरीदो, मैं तुम्हें जरूर छोड़ दूंगा. अभी के लिए इतना ही.मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किया और उन्होंने लिखा, मचअवेटेड फैमिली स्टार टीजर अब रिलीज हो गया है. 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में. #फैमिलीस्टार #फैमिलीस्टारऑनअप्रैल5 इस बीच विजय देवरकोंडा ने टीजर साझा किया।

## इम्तियाज अली की चमकीला से परिणीति चोपड़ा की पहली झलक आई सामने, नया गाना भी जारी

इम्तियाज अली मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म चमकीला को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक होगी।इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब चमकीला का परिणीति की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह दिलजीत के साथ नजर आ रही हैं।इसके साथ निर्माताओं ने इश्क मिटाये (पहला गाना) के बाद फिल्म का दूसरा गाना नरम कालजा जारी कर दिया है। नरम कालजा को अलका याग्निक, ऋचा शर्मा, पूजा तिवारी और याशिका सिक्का ने मिलकर गाया है तो वहीं गाने के बोले इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह गाना महिला दर्शकों के बीच चमकीला की लोकप्रियता का जश्न मनाता है। महिलाओं के बीच चमकीला की दीवानगी अलग ही स्तर पर थी।




## फिल्म आर्टिकल 370 की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, 20वें दिन भी किया शानदार कलेक्शन




यामी गौतम की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'आर्टिकल 370' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. इस पॉलिटिकल थ्रिलर को क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला. इसी के साथ फिल्म ने खूब कमाई भी की. ये फिल्म अपना बजट वसूल चुकी है और जमकर मुनाफा कमा रही है. हालांकि रिलीज के तीसरे हफ्ते में 'आर्टिकल 370' की कमाई एक करोड़ से कम हो चुकी है और ये लाखों में कलेक्शन कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार को कितनी कमाई की है

'आर्टिकल 370' अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते मे है और ये अब भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है. 35.6 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ फिल्म के पहले हफ्ते की कमाई काफी दमदार रही. वहीं 'आर्टिकल 370' ने अपने दूसरे सप्ताह में भी टिकट खिड़की पर अपनी शानदार परफॉर्मेंस जारी रखी और 22.3 करोड़ रुपये की कमाई की. इस फिल्म को अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते में अजय देवगन की शैतान के साथ टक्कर भी लेनी पड़ी. हालांकि 'आर्टिकल 370' की तीसरे हफ्ते की शुरुआत भी पॉजिटिव रही, जहां थर्ड फ्राइडे फिल्म ने 1.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया तो तीसरे शनिवार को कलेक्शन में मामूली बढ़ोतरी देखी गई और यह 2.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया.

तीसरे रविवार को बॉक्स ऑफिस की कमाई में और बढ़ोतरी देखी गई, फिल्म ने 3.4 करोड़ रुपये की कमाई की. हालांकि वीकडेज में 'आर्टिकल 370' की कमाई को झटका लगा और ये लाखों में सिमट गई।







## श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता दूसरा वनडे बांग्लादेश के खिलाफ पथुम निसांका का शतक

### सीरीज 1-1 से बराबर, डिसाइडर 18 मार्च को

*श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। चट्टोग्राम में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 286 रन बनाए। श्रीलंका ने 47.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। श्रीलंका से ओपनर पथुम निसांका ने 114 रन बनाए और अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचाया। दूसरे वनडे में जीत के साथ श्रीलंका ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा।*

#### बांग्लादेश की शुरुआत खराब, लिट्टन पहले ओवर में आउट

जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही, टीम ने पहले ही ओवर में लिट्टन दास का विकेट गंवा दिया। लिट्टन खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद सौम्य सरकार और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टीम को 50 रन के पार पहुंचाया। शांतो 40 रन बनाकर आउट हुए और उनकी सौम्य के साथ 75 रन की पार्टनरशिप टूटी। सरकार ने फिर तौहीद हृदॉय के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। वह 68 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी टूटी।




#### सेंचुरी बनाने से चूके हृदॉय

130 रन के स्कोर पर 3 विकेट गिरने के बाद हृदॉय एक एंड पर टिक गए। उनके सामने मुशफिकुर रहीम 25, मेहदी हसन मिराज 12 और तंजिम हसन साकिब 18 रन बनाकर आउट हो गए। तस्कीन अहमद 10 बॉल में 18 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। उनके सामने हृदॉय ने 102 बॉल पर 96 रन बनाए। उन्होंने पारी में 3 चौके और 5 सिक्स लगाए। टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 286 रन बनाए।

#### हसरंगा को 4 विकेट

श्रीलंका के लिए लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट झटके। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। वह 6.4 ओवर ही गेंदबाजी कर सके, उन्हें 7वें ओवर में बॉलिंग करने में दिक्कत हुई, जिस कारण जनिथ लियानागे ने उनका ओवर कम्प्लीट किया। श्रीलंका से एक सफलता प्रमोद मदुशन को भी मिली।

#### श्रीलंका की भी शुरुआत खराब

*287 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की भी शुरुआत खराब रही। ओपनर अविष्का फर्नांडो खाता खोले बगैर पहले ही ओवर में आउट हो गए। उनके बाद कप्तान कुसल मेंडिस 16 और सदीरा समरविक्रमा भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम ने 43 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए।*

एक नजर

## क्या IPL का दूसरा फेज इंडिया से बाहर होगा

### BCCI की कोशिश पूरा टूर्नामेंट भारत में हो, UAE बैकअप ऑप्शन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए IPL को दो फेज में कराने का फैसला किया है। BCCI ने पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है, जो 22 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। वहीं दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद जारी होगा। BCCI कोशिश कर रहा है कि पूरा टूर्नामेंट में भारत में ही हो, हालांकि बैकअप के तौर पर UAE को ऑप्शन में रखा है। एक BCCI अधिकारी ने कहा कि अभी पूरी उम्मीद है कि भारत में ही पूरा टूर्नामेंट हो। कुछ फ्रेंचाइजी बैकअप ऑप्शन के तौर पर-श्व को देख रही हैं। इसलिए वे खिलाड़ियों से पासपोर्ट भी मांग कर रही हैं। हालांकि, BCCI ने अब तक किसी भी फ्रेंचाइजी से UAE में IPL कराने के बारे में बात नहीं की है। फ्रेंचाइजी अपने स्तर पर बैकअप के रूप में खिलाड़ियों से पासपोर्ट मांग रही हैं। बोर्ड उन्हें ऐसा करने से रोक भी नहीं सकता। जहां तक अधिकारियों के UAE जाने की बात है तो वे ICC मीटिंग के लिए वहां गए थे, जो गुरुवार और शुक्रवार को हुई।




## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेड ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से लिया संन्यास

**नईदिल्ली** । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। शेफील्ड शील्ड 2023-24 का फाइनल मुकाबला उनका आखिरी प्रथम श्रेणी मैच साबित होगा।इसके साथ ही उनके टेस्ट अंतरराष्ट्रीय करियर का भी अंत हो गया। 36 वर्षीय इस खिलाड़ी ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ जनवरी 2021 में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे और टी-20 में खेलना जारी रखेंगे। वेड ने संन्यास के अवसर पर कहा, मैं अपने परिवार, अपनी पत्नी जूलिया और बच्चों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैंने इस प्रारूप की चुनौतियों का पूरा आनंद लिया है। हालांकि, मैं वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा। अपने देश के लिए टेस्ट खेलना मेरे लिए हमेशा ही सम्मान की बात रही है। मैं अपने पूरे करियर के दौरान अपनी टीम के सभी साथियों का आभार व्यक्त करता हूं। वेड का प्रथम श्रेणी करियर शानदार रहा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 165 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 40.81 की औसत के साथ 9,183 रन अपने नाम किए।



## UAE में हो सकते हैं भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैच

### टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय; एशिया कप के लिए भी वहां नहीं गई थी

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में होगी। भारत के यहां मैच खेलने पर फिर संशय है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) इसे एशिया कप की तरह 'हाइब्रिड मॉडल' पर करा सकता है।

ICC के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने PTI से कहा, यदि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजना नहीं चाहती तो, ICC वहां के बोर्ड पर दबाव नहीं बना सकती है। उसे विकल्प तलाशना होगा। फिलहाल दुबई में ICC बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग चल रही है। यह विषय मीटिंग के एजेंडे में शामिल नहीं है, लेकिन मीटिंग के इतर मेंबर्स के बीच इस पर चर्चा हो सकती है।

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।



चैंपियंस ट्रॉफी पर बातचीत ICC की बैठक के एजेंडे में नहीं है, लेकिन PCB के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वे BCCI सचिव जय शाह और ICC के शीर्ष अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे।

ICC बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि भारतीय बोर्ड टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा, लेकिन UAE में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्र ने यह भी कहा कि यह एशिया कप जैसा उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट नहीं, बल्कि वैश्विक टूर्नामेंट है। लिहाजा भारत सरकार नरम रुख अपना सकती है। एशिया कप के दौरान भारतीय बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तान गए थे।

## लुंगी एनगिडी चोट के कारण IPL से बाहर-दिल्ली ने जैक फ्रेजर-मैगर्क को रिप्लेसमेंट बनाया; 29 गेंद में शतक जमा चुके हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (DC) को इंडियन प्रीमियर लीग से मौजूदा सीजन से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट की वजह से पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलियाई बैटर जैक फ्रेजर-मैगर्क को एनगिडी से रिप्लेस किया है। 21 साल के मैक्गार्क 50 लाख रुपए में दिल्ली के साथ जुड़े हैं। फ्रेजर-मैगर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2 वनडे खेल चुके हैं। वे लिस्ट-ए में 29 बॉल पर सेंचुरी जमा चुके हैं। एनगिडी को भी दिल्ली ने 50 लाख रुपए में ही साइन किया था।

IPL का आगामी सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली का पहला मुकाबला 23 मार्च को पंजाब किंग्स से मोहाली में होगा।



#### 14 मैचों में 25 विकेट ले चुके हैं एनगिडी

साउथ अफ्रीकी पेसर तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी IPL के 14 मैचों में 25 विकेट ले चुके हैं। वे 2021 के बाद से भारतीय लीग का हिस्सा नहीं हैं।

2 दिन पहले इंग्लैंड के बैटर हैरी ब्रूक ने निजी कारणों का हवाला देकर अपना नाम वापस ले लिया था। 25 साल के ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने पिछली नीलामी में 4 करोड़ रुपए में खरीदा था। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने अब तक उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है।

ब्रूक पूरे सीजन से बाहर रहेंगे। वे भारत के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज में इंग्लैंड की टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। तब भी ब्रूक ने आखिरी समय में अपना नाम वापस ले लिया था। तब श्वष्टक्च ने ब्रूक के हटने के पीछे का कारण उजागर नहीं किया था। बोर्ड ने एक बयान में कहा था कि ब्रूक परिवार अपनी जानकारी गोपनीय रखना चाहता है। ऐसे में बोर्ड मीडिया और क्रिकेट प्रेमियों से उनकी गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 17 मार्च 2024

# एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

## पशु विभाग एवं राष्ट्रीय कृषि जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर द्वारा वितरण किया हितग्राहियों को बकरी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, रांची एवं पशुपालन विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम.कुमेकेला, पत्थलगांव, जशपुर में 16 मार्च 2023 को एक पशु स्वास्थ्य शिविर एवं भा.कृ.अनु.प. राष्ट्रीय कृषि जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर द्वारा वित्त प्रदत्त अनुसूचित जाति उप योजना के तहत पशुपालकों को बकरी वितरण किया गया। इस पशु स्वास्थ्य शिविर में किसानों को पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उनके उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पशुओं को रोगों से बचाने हेतु टीकाकरण करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा बकरियों में पीपीआर वैक्सीन लगवाने की अनिवार्यता बताई गई। उनकी अवस्था एवं लक्षण के अनुसार पीपीआर वैक्सीन उचित समय पर लगवाने से किसानों में पशुओं से आमदनी में वृद्धि हो सकती है। साथ ही एफ एमडीएचएस बीक्यू बीमारियों से बचने हेतु गाय एवं भैसों में इनका टीकाकरण उचित समय पर करवाना अनिवार्य है। किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण दिखने पर किसान पशु चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई क्योंकि समय उपचार करने से पशुओं में रोगों से बचाव हो सकता है। इस पशु स्वास्थ्य शिविर में किसानों द्वारा लाई गई बकरियों को पीपी आर. वैक्सीन तथा गाय एवं भैंसों को एफ एमडीएचएसबीक्यू का टीका लगाया गया। साथ ही पशुओं हेतु कृमिनाशक दवा एवं मुर्गियों के लिए एंटीबायोटिक बांटा गया। इस कार्यक्रम में अनुसंधान केंद्र, रांची के प्रमुख वैज्ञानिक एवं भारत सरकार की अनुसूचित जाति उपयोजना के छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. बाल कृष्ण झा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस प्रकार का पशु स्वास्थ्य शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पशु स्वास्थ्य शिविर से किसानों को पशुओं में रोगों के लक्षण एवं निदान की जानकारी से पशुधन को अधिक नुकसान से बचाया जा सकेगा। इस तरह के प्रयास से कृषि में पशुपालन से अधिक से अधिक किसान जुड़ें ताकि अधिक से अधिक आय अर्जित कर सकें। इस पशु स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित ग्राम. कुमेकेला की सरपंच फू लमती सिदार के कर कमलों से 25 अनुसूचित जाति के लाभुक किसानों को 98 बकरियां एवं 5 लाभुकों को फुट स्प्रेयर वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस प्रयास से किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी। इस कर्यक्रम में अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ अनुसंधान सहायक सौम्य तिवारी एवं पशुपालन विभागए जशपुर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए।




## एक नजर

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मितान हेल्पलाईन 07763.299030 जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से नि:शुल्क हेल्पलाइन 07763.299030 जशपुर जिले के लिए उपलब्ध है। यह हेल्पलाइन मुख्य रूप से हितग्राहियों के स्वास्थ्य संस्था से संबंधित आ रही कठिनाइयों में मदद के लिए है। जैसे कि एम्बुलेंस व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड संबंधित अस्पतालों में उपचार हेतु, विशेष स्वास्थ्य देखभाल आदि संबंधित सहायता के लिए है। मुख्यमंत्री आवास बगिया से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा हेल्पलाइन 07763.299030 का शुभारंभ किया जा चुका है। जिले के सभी नागरिकों से अपील किया गया है कि हेल्पलाईन का उपयोग जरूरतमंदों के लिए आवश्यकतानुसार उपयोग करें।

# लोकतंत्र में आमनागरिक का सबसे बड़ा हथियार है ज्ञान: जिला सत्र न्यायाधीश साहू

**कोरबा** । विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला व सत्र न्यायाधीश श्री सत्येंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शीतल निकुंज, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्य सुश्री ममता दास , श्री पंकज कुमार देवड़ा , खाद्य अधिकारी श्री आशीष चतुर्वेदी सहित नापतौल विभाग, चिकित्सा विभाग सहित जिला चेम्बर ऑफकामर्स के सदस्य, जिला अधिवक्ता संघ, बैक एवं बीमा कंपनी के अधिकारी, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र/छात्राएं एवं अन्य संस्था के सदस्य तथा आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री साहू कलेक्टर श्री वसंत सहित अन्य अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जिला व सत्र न्यायाधीश श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को उपभोक्ता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य उभोक्ताओं या ग्राहकों को उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। मौजूदा समय में उपभोक्ता को अधिकारों के प्रति सचेत व जागरूक होना आवश्यक है। जिससे वह अपने साथ धोखाधड़ी होने से बच सके एवं शोषण के प्रति कानूनी कदम उठा सकें। जिला न्यायधीश श्री साहू ने कहा कि हमारे देश में विधि का शासन है।

# फरसाबहार में लर्निंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






जिला परिवहन विभाग द्वारा फरसाबहार में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया और यातायात नियम संबंधी जानकारी दी गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 340 आवेदन प्राप्त हुए। लर्निंग लाइसेंस बनाने पश्चात आवदकों को लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को लाइसेंस बनाने हेतु जागरूक करना तथा दूरस्थ अंचलों में हाथों हाथ लर्निंग लाइसेंस दिया जाना है।

# कलेक्ट्रेट में हुआ फ्लाइंग स्क्वायड दल का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित

## उड़न दस्ता दल वाहनों के आवागमन की 24 घंटे करेगी सतत निगरानी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए चुनाव आदर्श आचार संहिता का किसी प्रकार का उल्लंघन ना हो आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय गठित उड़न दस्ता दल का प्रथम प्रशिक्षण अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, प्रदीप कुमार साहू उप जिला निर्वाचन अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर ऋ तुराज बिसेन की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया ने उड़न दस्ता दल को विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के साथ ही मतदाताओं को आकर्षित करने वाले धन बल एवं बाहुबल का नियंत्रण करने के लिए उड़ान दस्ता दल का गठन किया गया है। जो निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। उड़न दस्ता दल में एक मजिस्ट्रेट, एक पुलिस अधिकारी एवं एक वीडियोग्राफर शामिल होंगे। जो आदर्श आचार संहिता के दौरान क्षेत्र में वाहनों का आवागमन का सतत निगरानी करेगी। ऐसे व्यक्ति जो पचास हजार से अधिक अवैध राशि, राष्ट्रीय प्रचारक या निर्वाचन अभिकर्ता से एक लाख से अधिक अवैध राशि प्राप्त होने पर जप्ती की कार्यवाही विधिवत करेगी। दस हजार से अधिक अवैध प्रचार सामग्री मिलने पर कानूनी कार्रवाई होगी। प्रशिक्षण में सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को प्रचार हेतु वाहनों की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। उड़ान दस्ता दल 24 घंटे निरंतर निगरानी करेगी। एफएसटी टीम के द्वारा जब्ती की जानकारी इलेक्शन सीज मैनेजमेंट सिस्टम पर ऑनलाइन करेगी। अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर ने उपस्थित उड़न दस्ता दल को गंभीरता से सौंपे दायित्वों का निर्वहन करने प्रोत्साहित किया तथा समस्या होने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को अवगत कराने कहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने अभ्यर्थी द्वारा प्रचार के लिए परमिशन ली जाती है। परमिशन दिए गाड़ियों का भी जांच करें की कब तक परमिशन मिला है। डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज बिसेन ने कहा कि हर गतिविधि का सही एंगल में बारीकी से वीडियोग्राफी करे। टीम टीम भावना से कार्यकर निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण मतदान संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करें। प्रशिक्षण में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग के उड़न दस्ता दल के सदस्य उपस्थित थे।



# नन्हीं आंखों से संसार देखा

नन्हीं आंखों से संसार देखा,
दूसरों की खुशी में खुद को देखा
रसोई में बनी वो पहली रोटी
अपनी नहीं भाई की थाली में देखा,
सरकारी स्कूल में मेरी पढ़ाई,
खर्चों में बचत होते देखा,
प्राइवेट स्कूल में भाई की पढ़ाई,
कम खर्च में भी होते देखा,
शादी मेरी हो क्या गई,
पति से अपनी बात न कहूं,
बच्चे न हुए तो पति जिम्मेदार नहीं
फिर मैं ही क्यों जवाबदेह बनूं।
कम उम्र में सुहाग जो छिन गया,
जीवन भर का कलंक मुझे दे गया,
रंग बिरंगी मेरी दुनिया अब,
तानों का पिटारा बन गया,
रंगों का वो होली का त्यौहार,
मेरे लिए एलर्जी की बहाना बन गया।

**- पूजा गोस्वामी**
**गरुड़, बागेश्वर उत्तराखंड**



# विकासखंड बगीचा में युवा चला रहे मिशन लाइफ कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



नेहरू युवा केंद्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पवार के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेविका अनुपमा गुप्ता, युवा क्लब से विकास, जगरनाथ और पंकज के द्वारा ब्लॉक के अलग अलग चिन्हित गांवों के स्कूल और कॉलेज में मिशन लाइफ और ओडएफ खुले में शौचमुक्त भारतद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता सेमीनार के माध्यम से युवाओं को मिशन लाइफ के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से कराने के लिए और लोगो में जागरूकता लाने के लिए जशपुर जिले के आठ स्वयं सेवकों जिसमें बगीचा के तीन स्वयंसेवकों को ठाकुर प्यारे लाल प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के पश्चात सभी स्वयसेवक अपने अपने चिन्हित गांवों में कार्यक्रम चला रहे है। मिशन लाइफ का अर्थ ऐसे अभियान से है जिससे पर्यावरण संरक्षण हो। इसमें हर एक इंसान को अपनी जिम्मेदारी समझने की अपील की गई है। छोटे से लेकर बड़े.बड़े काम को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने की अपील की गई है। प्लास्टिक बैग का ही उदाहण लें, हमें प्लास्टिक की थैली धड़ल्ले से इस्तेमाल करने की आदत लग गई है जो कि हमारी प्रकृति में जहर के समान है। मिशन लाइफ बताता है कि अगर प्लास्टिक छोड़ हम कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें तो बड़े स्तर पर पर्यावरण को बचा सकते हैं। मिशन लाइफ में पानी बचाने पर बहुत बड़ा फोकस किया गया है। दुनिया में जल संकट एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि दुनिया में अगली लड़ाई तेल के लिए नहीं बल्कि पानी के लिए हो सकती है। भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जब स्थिति इतनी गंभीर हो, तो उससे बचने का उपाय क्यों नहीं किया जाना चाहिए। यह काम इतना भी बड़ा नहीं क्योंकि पानी बचाकर उसकी उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि नल आदि से पानी की बर्बादी रोके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल में मिशन लाइफकी शुरुआत की है। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह ऐसा अभियान है जो हर एक इंसान से सीधे तौर पर जुड़ा है मिशन लाइफमें इस बात पर जोर दिया गया है कि पर्यावरण को हम बचाएंगे, तभी हम भी आगे बच पाएंगे। जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणामों को देखते हुए इस अभियान की शुरुआत की गई है,मिशन लाइफ न केवल पर्यावरण और जिंदगी बचाने पर केंद्रित है बल्कि इसका सीधा संबंध अर्थव्यवस्था से भी है। मार्च 2024को स्वयं सेवक एवं रानी दुर्गावती मंडल और युवा साथी विकास, जगरनाथ,पंकज द्वारा बगीचा विकासखंड के शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय, रामकृष्ण आश्रम, माध्यम शाला आदि में कार्यक्रम कराए गए है। चित्रकला प्रतियोगिता में विजताओ को गोल्ड मेडल और सिल्वर मैडल से पुरस्कृत करके उनके मनोबल को बढ़ाया जा रहा है और उन्हें मिशन लाइफ में योगदान देने हेतु नेहरू युवा केंद्र, लगातार कार्यक्रमों के माध्यम से सतत प्रयास कर रहा है।



# मैं नादान नहीं हूं

अंगार सी अग्नि जलती है मुझ में,
आग सी भड़क उठी है अब तो,
एक नारी हूं मैं, कोई कमजोर नहीं,
कुछ भी करने का साहस है मुझ में,
चाहे हो संघर्ष से लड़ना,
या हो मुश्किलों से टकराना,
हर बात को सहना आता है मुझे,
मैं नादान नहीं नारी हूं मैं,
मत खेलों मेरी भावना से,
चिंगारी भी बन सकती हूं,
अगर बन गई चिंगारी तो,
भेदभाव करने वालों को जला भी सकती हूं।



**- शिवानी पाठक**
**उत्तरौड़ा, कपकोट, उत्तराखंड**

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में ली प्रेस-वार्ता

## निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा की दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेस-वार्ता के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संपूर्ण जिले/संसदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है।





निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के अनुसार संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 रायगढ़ लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित की गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024 को निर्धारित की गई है। इसी तरह नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। 7 मई को मतदान तिथि एवं 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि निर्धारित है।

8 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए 2367 मतदान केन्द्र

लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-02 रायगढ़ (अजजा)में कुल 8 विधानसभा क्षेत्रों में (विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12 से 19 तक)के 2367 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-जशपुर में 325, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-13 कुनकुरी में 278 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-14 पत्थलगांव में 275 मतदान केन्द्र बनाए गए है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में 282, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में 192, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में 289 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 281 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ में 345 मतदान केन्द्र है।

### लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 में 18 लाख 29 हजार 67 पंजीकृत मतदाता

कलेक्टर गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 फरवरी 2024 को निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की स्थिति में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-02 रायगढ़ में कुल 18 लाख 29 हजार 67 पंजीकृत मतदाता है। इसमें 9 लाख 4 हजार 355 पुरूष मतदाता, 9 लाख 24 हजार 663 महिला मतदाता तथा 49 तृतीय लिंग शामिल है। विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत 6 लाख 69 हजार 139 मतदाता है, जिनमें 3 लाख 29 हजार 253 पुरूष मतदाता, 3 लाख 39 हजार 868 महिला मतदाता तथा 18 तृतीय लिंग शामिल है। जिनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-जशपुर में 01 लाख 17 हजार 983 पुरूष मतदाता, 01 लाख 19 हजार 692 महिला मतदाता तथा 13 तृतीय लिंग शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-कुनकुरी में 01 लाख 529 पुरूष मतदाता, 01 लाख 4 हजार 737 महिला मतदाता एवं 4 तृतीय लिंग शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव में 01 लाख 10 हजार 741 पुरूष मतदाता, 01 लाख 15 हजार 439 महिला मतदाता एवं 01 तृतीय लिंग शामिल है। विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत 8 लाख 93 हजार 998 मतदाता है, जिनमें 4 लाख 43 हजार 611 पुरूष मतदाता, 4 लाख 50 हजार 360 महिला मतदाता एवं 27 तृतीय लिंग शामिल है। जिनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में 01 लाख 2 हजार 102 पुरूष मतदाता तथा 01 लाख 3 हजार 364 महिला मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में 01 लाख 30 हजार 28 पुरूष मतदाता, 01 लाख 30 हजार 103 महिला मतदाता तथा 20 तृतीय लिंग शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में 01 लाख 7 हजार 592 पुरूष मतदाता, 01 लाख 8 हजार 153 महिला मतदाता तथा 4 तृतीय लिंग शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ में 01 लाख 3 हजार 889 पुरूष मतदाता, 01 लाख 8 हजार 740 महिला मतदाता एवं 3 तृतीय लिंग शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-17-सारंगढ़ में 2 लाख 65 हजार 930 मतदाता है, जिनमें 01 लाख 31 हजार 491 पुरूष मतदाता, 01 लाख 34 हजार 435 महिला मतदाता एवं 4 तृतीय लिंग शामिल है।

## एक नजर

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में चलाएं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा** । जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी संबित मिश्रा ने कमेटी के सभी सदस्यों को स्वीप की गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरूकता अभियान नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना किसी दबाव व प्रलोभन के निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया जाए। जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री मिश्रा ने विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहने के कारणों पर चर्चा की और शहरी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को बताते हुए मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने बैनर, पोस्टर, नारे सहित चित्रकला एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्वीप की गतिविधियों को लक्षित समूह तक पहुंचाने, शासकीय, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में स्कूल-कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से भी कार्यक्रम का आयोजन करने, नुक्कड़-नाटक, रैली आदि के माध्यम से भी सबकी सहभागिता बढ़ाते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पोस्टल बैलेट के लिए जागरूक करने तथा समय पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने, सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने, उत्सव एवं महत्वपूर्ण त्यौहार में स्वीप की गतिविधियों को जोड़कर कार्यक्रम आयोजित करने, समय पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने सहित असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित करने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी, प्राचार्य डॉ. साधना खरे, बलराम कुर्रे सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### आइडी एक्ट लागू, मान्यता वाली यूनियन से ही प्रबंधन करेगी वार्ता

#### राज्य सरकार ने खत्म किया आइआर एक्ट

**कोरबा** । राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम लागू किए जाने के बाद प्रदेश के विभिन्न उद्योगों में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए श्रमिक संघ को मान्यता हासिल करना होगा। कर्मचारी जिस यूनियन को चुनाव करेंगे, उसी यूनियन प्रबंधन वार्ता करेगा और जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होगी, तब सभी यूनियन से प्रबंधन को चर्चा करना होगा।


प्रदेश में स्थित विभिन्न उद्योगों में वर्तमान में औद्योगिक संबंध अधिनियम (आइआर) लागू है। इसके तहत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व कर रहे किसी एक संगठन से प्रबंधन वार्ता करता है। राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद इस नियम को लागू किया गया था। इससे इंटक को कई उद्योगों की मान्यता मिल गई थी, जबकि पूर्ववर्ती डा रमन सिंह की सरकार ने वर्ष 2012 में राज्य में औद्योगिक विवाद अधिनियम (आइडी) एक्ट लागू किया था। इससे उसी यूनियन से वार्ता की जाती थी, जिस यूनियन के साथ श्रमिक ज्यादा हो और उन श्रमिकों द्वारा मतदान कर संबंधित यूनियन को मान्यता दी जाती थी। आइआर लागू होने से अधिकांश उद्योग में प्रबंधन ने अपनी मनपसंद की यूनियन को मान्यता दे वार्ता करना शुरू कर दिया। इसमें इंटक को ज्यादा महत्व दिया गया। इससे कई बार प्रबंधन अपने दबाव में संबंधित यूनियन से अनुमति ले लेता था, इसका खामियाजा कर्मियों को उठाना पड़ रहा था। राज्य में भाजपा की साय सरकार सत्तारूढ़ होते ही पुनरू आइडी एक्ट लागू की मांग उठने लगी। भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर आइडी एक्ट लागू करने की मांग की। राज्य सरकार ने इसे लागू करने का आदेश शुक्रवार को जारी कर दिया। यहां बताना होगा कि आइडी एक्ट में लोहा, स्टील, एल्यूमिनियम, विद्युत उत्पादन- पारेषण व वितरण, कपड़ा, लोकवाहन, यातायात, सीमेंट, चमड़ा, दुग्ध उत्पाद, एल्कोहल समेत अन्य उद्योग को शामिल किया गया है।

### रुपयों के लिए तंग करने वाले शराबी पति की सब्बल मारकर हत्या

**कोरबा** । वृद्ध की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। उसकी पत्नी ने ही सब्बल से वार कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। श्यामलाल राठिया की रक्त रंजित अवस्था में घर में लाश मिली थी। शार्ट पीएम रिपोर्ट में पुलिस ने हत्या किसी भारी वस्तु से किये जाने की पुष्टि की। मृतक की पत्नी कलश बाई राठिया से पूछताछ किया गया। पहले तो वह पुलिस को गुमराह करते हुए बताया था कि वह किसी काम से बाहर गई हुई थी इस दौरान यह घटना हुई वापस लौटी तो उसका पति मृत अवस्था में मिला।

# निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा पश्चात आबकारी विभाग की अंतर्राज्यीय वर्चुअल बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा पश्चात उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर/सरगुजा विजय सेन शर्मा एवं उपायुक्त आबकारी रायपुर अरविंद पाटले द्वारा ओडीसा राज्य के आबकारी संभाग नॉर्दर्न डिविजन संबलपुर के सीमा से लगे छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों रायगढ़, सारंगढ़, महासमुंद, गरियाबंद और जशपुर जिलों केआबकारी अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली गई, जिसमें ओड़िसा के नॉर्दर्न डिवीजन के आबकारी उपायुक्त राजेंद्र बोथरा एवं सीमावर्ती जिलों सुंदरगढ़, बरगढ़, झाड़सुगुड़ा एवं नुआपाड़ा के आबकारी विभाग के स्टाफ उपस्थित रहे। बैठक में सीमावर्ती जिलों के आबकारी अमलों के मध्य सूचना के त्वरित आदान-प्रदान एवं समन्वय हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सीमावर्ती क्षेत्र में दोनों राज्यों के चेकपोस्ट पर मुस्तैदी से निगरानी के साथ-साथ अवैध मदिरा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर जाइंट रेड करने के निर्देश दिए गए। संबंधित जिलों में लोकसभा निर्वाचन के कुल सात में से चार चरणों में मतदान तिथि नियत है। निर्वाचन आयोग का प्रेस नोट शेयर किया गया और प्रत्येक चरण हेतु उक्त कार्यवाही सजगता से करने के निर्देश दिए गए। त्वरित समन्वय हेतु अंतर्राज्यीय व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है।

## सार्वजनिक शौचालय निर्माण में भ्रष्टाचार

# कार्य एजेसी ग्राम पंचायत भरसेला बड़ा, की भारी लापरवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत भरसेला बड़ा में बनाया गया शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। तकनीकी एवं अधिकारियों की अनदेखी के चलते निर्माणकर्ता द्वारा इसके निर्माण में अनियमितता बरती गई। हालांकि अभी तक यह शौचालय चालू भी नहीं हुआ था। लेकिन भ्रष्टाचार ने इसकी दीवारों को हिला डाला, इससे दीवारों में दरार आ गई हैं।




अब कर्मचारी मामले की लीपापोती कराने में जुट गए हैं। सरकार ने गांवों में सामुदायिक शौचालय इसलिए बनवाए थे कि कोई भी ग्रामीण खुले में शौच न जाए। लेकिन कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही सरकार की इस योजना को पलीता लगा रही है। ग्राम पंचायत भरसेला बड़ा, में एसबीएम 15वे वित्त एवं मनरेगा मद से 3लाख 50 हजार रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते इसमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। बता दें कि अभी तक यह शौचालय सही प्रकार से चालू भी नहीं हो सका था। लेकिन भ्रष्टाचार की नींव पर रखी इस शौचालय की दीवारे कुछ समय बाद ही दरक गई हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले लोग इस शौचालय को देखकर सरकार की योजनाओं का मजाक उड़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने निर्माण के दौरान यहां हंगामाकर प्रदर्शन किया था किन्तु तत्कालीन समय मे मामला दबा दी गयी थी। उनका आरोप है कि जब शौचालय का निर्माण हो रहा था उस समय किसी भी अधिकारी ने निर्माण सामग्री पर ध्यान नहीं दिया। जब इसकी दीवारों में दरारें आ गई हैं तो अधिकारी दरारों को छिपाने के लिए यहां पर मिट्टी डलवा रहे हैं ग्राम पंचायत भरसेला बड़ा, में बना हुआ सामुदायिक शौचालय भी मात्र शोपीस बन गया है। मार्ग से गुजरने वाले या किसी ग्रामीण को शौचालय जाना हो तो उन्हें यहां पर शौचालय में ताले लटके हुए मिलते हैं। सरकार की सामुदायिक शौचालयों की योजना मात्र कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं। इस निर्माण मे तकनिकी सहायक एवं सुपरवीजन मे रहे अधिकारी की गलती स्पष्ट गलती दिख रही है।

> “ मैं दिखवाती हुं क्या मामला है।
> दिव्या अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा

# प्रवासी मजदूर संगठनों का संयुक्त मोर्चा ने तमिलनाडु में बंधक नाबालिग प्रवासी मजदूर को कराया मुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।



ग्राम गारडीह, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग के एक नाबालिग लड़का आदिवासी को अगस्त सितंबर 2023 को बोरवेल में काम करने का झांसा देकर ठेकेदार द्वारा छत्तीसगढ़ से तमिलनाडू ले गया और उसे अपने घर में बंधुआ मजदूर बनाकर प्रताड़ित करने लगे। जिसकी सूचना उसने फ ोन कर अपने घरवालों को बताया। इस बात की जानकारी बंधुआ मजदूर के बड़े भाई शिवा ने रामेश्वर कुर्रे सचिव. छत्तीसगढ़िया बनिहार संघ का घटक मजदूर संगठन को दिया। मामले को संज्ञान में लेकर छत्तीसगढ़िया बनिहार संघ और पीड़ित के पिता ने प्रशासन से संपर्क किया। इस पर नामक्कल के श्रम अधिकारी और पुलिस प्रशासन द्वारा टीम गठित किया गया। टीम ने नाबालिक के मोबाइल लोकेशन को ट्रेस करते हुए छापामारकर बंधक मजदूर को मुक्त कराया। बंधुआ मजदूर के पास बचपन से प्रवासी होने के कारण, आधार कार्ड, राशन कार्ड और सरकारी दस्तावेजों में नाम नहीं होने के कारण उन्हें नामक्कल तमिलनाडु,के बाल आश्रम में रखा गया। इस पर बंधुआ मजदूर को मुक्त कराने वापिस गृहग्राम लाने रामेश्वर कुर्रे,सचिव बनिहार संघ ने लखन सुबोध,अध्यक्ष लोक सिरजनहार यूनियन संयोजक को सूचित किया। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए वीरेंद्र भारद्वाज महासचिव और मंगलू खैरवार ने दिए गए पता रिवेन्यू डिपार्टमेंट ऑफिस त्रिचुनगोद पहुंच गए। इस मामले में तमिलनाडू के वरिष्ठ पत्रकार मालिनी सुब्रमण्यम ने पूरी मदद की और बंधुआ मजदुर को बाल आश्रम से सुरक्षित छत्तीसगढ़ में विरेन्द भारद्वाज के साथ उनके गृह ग्राम छत्तीसगढ़ लाया गया। इस आशय की जानकारी केन्द्रिय कार्यकारिणी सदस्य रूपदास टंडन ने दी।

# रेंज आईजी ने ली रायगढ़ के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों और थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक

## निर्वाचन की तैयारियोंए फरार वारंटियों और गुंडा बदमाश, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ, संजीव शुक्ला शनिवार को रूटिन दौरा कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय पहुंचे। पुलिस नियंत्रण कक्ष में रेंज आईजी को सशस्त्र जवानों द्वारा सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल एवं अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात रेंज आईजी डॉ, संजीव शुक्ला द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना, चौकी प्रभारी की बैठक लिये। बैठक में आईजी बिलासपुर द्वारा जिला पुलिस के कार्यों की समीक्षा कर अपराध, शिकायत, मर्ग की पेंडेसी देखे और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। रेंज आईजी द्वारा बेसिक पुलिसिंग पर फोकस करते हुए सद्भावना पूर्वक कार्यों से पुलिस की छवि और बेहतर बनाने पर जोर दिए। उन्होंने आचार संहिता के प्रभावशील होने की जानकारी देते हुए आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने और प्रतिबंधक कार्यवाही, माइनर एक्ट में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में रेंज आईजी द्वारा सामाजिक अपराध-जुआ, सट्टा तथा सभी प्रकार के नशा, अवैध कबाड़, कोयला और रेत चोरी पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने लक्ष्य निर्धारण कर काम करने कहा गया तथा राजपत्रित अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग कर दुर्घटनाओं में कमी लाने निर्देशित किये तथा मिशन सिक्योर सिटी के तहत थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी सतत मॉनिटरिंग रख रखाव करने कहा गया तथा पीड़ितों की समस्याओं के उचित निराकरण के साथ अच्छा व्यवहार प्रदर्शित करने बताये। सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने और हाईकोर्ट के आदेश, निर्देशों का समयावधि में पालन करने कहा गया तथा आने वाले होली त्यौहार शांतिपूर्ण सम्पन्न करने विशेष तैयारी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

**मिशन सिक्योर सिटी के तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने किये प्रोत्साहित**



# सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के हाथों हुआ धरमजयगढ़ भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोकसभा चुनाव की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे नेताओं का क्षेत्रों में दौरा बढ़ते जा रहा हैं। अब मात्र कुछ ही दिन बचे है लोकसभा चुनाव को जिसके चलते किसी भी वक्त अचार संहिता की घोषणा हो सकती हैं। आगामी चुनाव के दृष्टि से धरमजयगढ़ में भाजपा कार्यकर्त्ता के लिए बैठक व्यवस्था एवं रणनीति बनाने के लिए कार्यालय की अवश्यकता थी। जिसके लिए भवन का चयन हुआ। सभी चुनावों में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए कार्यालय का होना अति आवश्यक हैं जैसे की पिछले विधानसभा में भारत टाकीज के पास भवन को भाजपा कार्यालय घोषित किया गया था। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के लिए अलग-अलग कार्यालय का चयन किया जाता हैं। जिस प्रक्रिया में विधानसभा में उपयोग हुए भाजपा कार्यालय को ही लोकसभा के लिए भाजपा कार्यालय घोषित किया गया। धरमजयगढ़ के कार्यालय का उद्घाटन भाजपा सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया द्वारा किया गया जिनके साथ राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे जैसे ही सभी अतिथियों का भाजपा कार्यालय आगमन हुआ कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई कार्यकर्त्ता अतिथियों का स्वागत के लिए उत्सुक दिखे। जिसमे मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव,किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल,मंडल उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, अनिल पाण्डेय,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशि पटेल,बीडीसी वीणा विश्वास,नगर पंचायत अध्यक्ष तरुणा श्याम साहू, उपाध्यक्ष टार्जन भारती, पूर्ण नगर पंचायत अध्यक्ष महेश चैनानी,पूर्व मंडल अध्यक्ष



नीलमणि पटेल,पार्षद विजय यादव,गोविन्द दास महंत,भरत साहू,श्याम साहू,भोगेश्वर,मोहिनी मस्के, राशि बाई,शिल्पा भारती, एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे। जिनके स्वागत के बाद राधेश्याम राठिया द्वारा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए फीता काटा गया। इसके बाद राधेश्याम राठिया ने कहां की वह हमेशा कार्यकर्त्ताओं के साथ खड़े रहेंगे उनके सुख और दु:ख में उनकी वजह से कार्यकर्ताओं को कभी कोई परेशानी नहीं होगी। जिसके बाद राज्यसभा सांसद ने सबके समक्ष मोदी सरकार की नीतियां गिनवाई और सांसद सीट के लिए राधेश्याम राठिया को जिताने का आग्रह किया। वही सांसद प्रत्याशी के साथ मिल कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई।



## एक नजर

### जिले में उडनदस्ता, एसएसटी, वीएसटी का कार्य प्रारंभ

अवैध वाहन और सामग्री के पकड़े जाने पर लोकसभा चुनाव के बाद नियम के साथ छुटेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में आदर्श आचरण संहिता लागू हुआ है। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के लिए उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी, वीडियो निगरानी दल वीएसटी का गठन किया है, जिनका कार्य प्रारंभ हो गया है। ऐसे में अवैध वाहन और वाहन में रखे सामग्री का किसी प्रकार का वैधानिक बिल आदि प्रस्तुत नहीं करने पर उसे राजसात करते हुए निर्वाचन नियमावली के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया जाएगा। एसएसटी टीम जिले के बॉर्डर इलाकों में चेकपोस्ट बनाकर काम करेगा। इसके साथ ही इसी चेकपोस्ट पर वीडियो निगरानी दल वीएसटी निरीक्षण के दौरान वीडियो रिकार्डिंग करेगा। कलेक्टर साहू के आदेश पर एमसीएमसी टीम भी निर्वाचन गतिविधियों पर कार्य शुरू किया है। इसके साथ ही साथ नगरीय निकाय और जनपद पंचायतों के माध्यम से संपत्ति विरूपण के तहत सार्वजनिक स्थानों, सड़क, खंभों आदि से बैनर-पोस्टर हटाए जाएंगे।

### पत्नी के गहने व रुपये हड़पने घर से निकालने वाले पति पर होगी अपराध दर्ज

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय ने जिला कलेक्टर कोरबा सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 248 वीं एवं कोरबा जिला की सातवीं सुनवाई हुई। जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 36 प्रकरण आए। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में पति-पत्नी दोनो पक्ष उपस्थित हुए। विवाह के बाद पति ने आवेदिका के नाम पर 75 हजार रूपए का ऋण निकाला था पुरी राशि लेने के बाद आवेदिका को प्रताड़ित करने लगा। जिसका विस्तृत ब्यौरा आवेदिका ने अपने आवेदन पत्र में लिखा है। आवेदिका का पैसा छीनने के बाद आवेदिका का पति नशा करके मारपीट करने लगा और उसके प्रताड़ना के बाद आवेदिका का गर्भपात हो गया। तब वह छः माह मायके में रही। जिसके पश्चात् दोनो पक्ष को समझाइश पर आवेदिका अपने पति के साथ में रहने लगी। तब आवेदिका के पति ने सारे गहने व सामान गायब कर दिया और आवेदिका पर दोषारोपड़ करने लगा। महज दिन के बाद तीनों अनावेदकगणों ने आवेदिका को दबाव डाला और पंचायत में बैठकर आवेदिका को एक कोरे पन्नें में तलाकनामा लिखवा दिया तथा 75 हजार रुपयं भी नहीं दिला गहने और सामान भी नहीं दिया। जिससे पीड़ित होकर आवेदिका ने आयोग में शिकायत दर्ज करायी है।

आयोग ने दोनों पक्ष को विस्तार से सुनने के पश्चात् और यह पाया कि आवेदिका का पति 75000 रूपये का लोन आवेदिका के नाम पर निकलवाया और उससे अपने घर में शौचालय बनवाया और बाकी रकम गहने आवेदिका से छीनकर अपने घर से निकाल दिया इस कार्य में आवेदिका के पति के पुरा परिवार सहयोग किया और शेष दो अनावेदक गांव के निवासी द्वारा कोरे कागज में शपथपत्र तथा तलाकनामा लिखकर आवेदिका को उसके मायके भिजवाया था जिस पर अनावेदक ने अपनी गलती का स्वीकारा और भविष्य में इस तरह से दोबारा कोरे कागज में तलाकनामा लिखवाने की गलती नहीं करेंगे कहते हुए आयोग से माफी मांगा तथायही आश्वासन दिया कि आवेदिका के साथ थाना हरदीबाजार जा कर आवेदिका के पति और परिवार के विरुद्ध एफ्आईआर दर्ज करने में सहयोग करेंगे। इस पर आवेदिका ने अपनी सहमति व्यक्त किया है।

आयोग के समक्ष दर्ज एक प्रकरण में आवेदिकाओं ने बताया कि वनभूमि पोलमीबीट में बतरा निवासी द्वारा गौचर भूमि में जबरदस्ती प्लांटेशन (शासकीय) को उखाड़कर खेत बना रहा है जिसकी शिकायत सरंपच के साथ मिलकर प्रशासन में किया लेकिन कहीं भी कार्रवाई नहीं हुई।

## पुलिस चौकी सहित करोड़ों के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

सतत विकास से ही समृद्ध पंडरिया का मिलकर करेंगे निर्माण, विधायक भावना बोहरा ने रणवीरपुर को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात





**कवर्धा।** अपने जनसेवा के कार्यों एवं हर व्यक्ति,वर्ग व समाज की सुविधा के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आज ग्राम रणवीरपुर की जनता द्वारा बहुप्रतीक्षित मांगों एवं सुविधाओं के लिए विभिन्न कार्यों के लिए करोड़ों सौगात दी है।

भावना बोहरा ने आज गाँव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर जनता की सेवा में समर्पित किया और कहा कि समृद्ध पंडरिया का हमने जो संकल्प देखा है वह ऐसे ही विकास कार्यों और आप सभी मेरे परिवारजनों के सहयोग व आशीर्वाद से पूरा करने में हम जरुर सफल होंगे। इस दौरान भावना बोहरा ने ग्राम रणवीरपुर में सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग नव निर्मित पुलिस चौकी का लोकार्पण किया इसके साथ ही अटल समरसता भवन, महिला मल्टी यूटीलिटी सेंटर, सिन्हा सामाजिक भवन एवं नवनिर्मित आदिवासी समाज के भवन का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को बधाई दी। इसके अलावा गाँव में सुगम आवागमन के लिए विभिन्न सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा का हर नागरिक मेरे परिवार का सदस्य है। समाज सेविका से लेकर एक जनप्रतिनिधि के मेरे इस सफ़र में यहां की मिट्टी ने मुझे जो प्रोत्साहन और आप सभी मेरे परिवारजनों का जो अपार समर्थन,मार्गदर्शन,सहयोग व आशीर्वाद मुझे मिला है उसके लिए मैं हमेशा ऋणी रहूंगी।

## छाल से लापता हुई युवती की हत्या मामले में नाराज परिजनों ने दिया धरना

पुलिस पर असहयोग और आरोपी परिवार का साथ देने का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-नावापारा।

बीते दो महीने पहले रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र स्थिति हाटी सरकारी छात्रावास से नाबालिग लड़की के गायब होने और उसके दो दिन बाद अर्धनग्न अवस्था में काफरमार निवासी संजय राठिया के घर उसका शव मिलने की दर्दनाक घटना सामने आई थी।



घटना के बाद से ही पीड़ित सारथी परिवार न्याय की आस लिए कभी, छाल थाना तो कभी जोबी चौकी के चक्कर लगाता रहा, लेकिन दोनों थानों से न्याय नहीं मिलता दिखने के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के सामने भी पीड़ित परिजनों ने गुहार लगाई थी। हांलाकि उनके आश्वासन के बाद भी घटना को लेकर पुलिस की न तो जांच खत्म हुई, न ही पुलिस ने पीड़ित परिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट दी अलबत्ता पीड़ित परिवार को ढाई महीने घुमाया। आज की धरने की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर आया तथा पीड़ित परिवार को जल्दी ही न्याय दिलाने का आश्वासन देकर धरना खत्म करने की समझाइस दी।






अनुसूचित जाति महिला की हत्या पर जीएसएस ने कि कड़ी निन्दा

## अपराधियों को अब तक पकड़े नहीं जाने पर जीएसएस करेगा जन आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल ।

विगत 9 -10 मार्च 24 को बिलासपुर जिले के कोटा थाना क्षेत्र के एक गांव की अनूसूचित जाति वर्ग की एक महिला के साथ हत्या कर बलात्कार होने की घटना हुई है। इसकी विस्तृत जानकारी लेने के लिए गुरुघासीदास सेवादार संघ प्रमुख लखन सुबोध अपनी टीम के साथ मौका मुआयना एवं लोगों से भेंट मुलाकात कर चर्चा की। घटना पर जांच पड़ताल की तो जानकारी मिली की नशे में अपराधिक तत्व के बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। अपराधिक अड्डे पर इसके सरगना प्रभावशाली वे लोग हैं। जो राजनैतिक-प्रशासनिक पहुंच रखते हैं। पुलिस द्वारा इनके तंत्रो के बीच अपनी सक्षम व्यक्तियों को लगाकर और आवश्यकतानुसार सुराग देने वालों को पुरस्कार देने की घोषणा कर अपराधी तक पहुंचा जा सकता है। लेकिन अब तक इस बर्बर घटना के अपराधियों को नहीं पकड़ पाने से आम लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं कि क्या प्रशासन किसी के दबाव में है। इस घटना को लेकर आम लोगों विशेषकर महिलाओं में भय व्याप्त है। अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए जीएसएस द्वारा जन आंदोलन संगठित करने प्रयासरत है। इस हेतु 16 मार्च 24 शनिवार को 2 से 4 बजे ग्राम राजपुर केकती ब्लॉक तखतपुर में जीएसएस द्वारा एक बैठक आयोजित किया जाना है। बैठक की अध्यक्षता जीएसएस प्रमुख लखन सुबोध एवं विशेष रूप से जीएसएस की विधि सलाहकार एड प्रियंका शुक्ला उपस्थित रहेंगी। उक्त आशय की जानकारी जीएसएस ऑफिस सचिव अजय अनंत ने दी।





## संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध हूं-ज्योत्सना महंत

* मेडिकल कॉलेज व ईएसआईसी अस्पताल पहुंचीं सांसद * चिकित्सकों व भर्ती मरीजों से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कोरबा प्रवास पर पहुंचीं सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय एवं ईएसआईसी अस्पताल का अवलोकन किया।



उन्होंने यहां मौजूद व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही भर्ती मरीजों से भी चर्चा कर उनका हाल जाना। इस अवसर पर सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा की जनता खासकर ग्रामीण क्षेत्रवासियों को विशेषत स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का मेरा प्रयास रहा जिसमें मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई गई। मुझे इस बात की संतुष्टि है कि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की सुविधा है। यहां 250 बच्चे मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। वे भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगे। स्वस्थ समाज ही स्वस्थ भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और विकास पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पक्ष हो या विपक्ष, जहां जनता की बात हो क्षेत्र के विकास की बात हो वहां सबको साथ चलना चाहिए। सांसद ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में न्यूरोसर्जन की सुविधा है, कैंसर स्पेशलिस्ट है, 7 डायलिसिस मशीनें है। मात्र 5 रुपए में हिप रिप्लेसमेंट का लाभ मरीज को मिला है। प्रतिदिन 600 से 700 मरीज यहां लाभान्वित हो रहे हैं। बच्चों के लिए 15 कैज्वल्टी वार्ड सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है। संसदीय क्षेत्र के जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कराने मैं प्रयासरत रहूंगी।

सांसद ने ईएसआईसी हास्पिटल का अवलोकन कर इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि ऊर्जा की औद्योगिक नगरी में श्रमिकों को बेहतर उपचार की सुविधाएं प्राप्त हो रही है। उन्हें दूसरे जिला अथवा राज्य की दौड़ नहीं लगानी पड़ती बल्कि अनेक बीमारियों व तकलीफों का यहां उपचार हो रहा है। अस्पताल में लगभग 1 लाख श्रमिकों व उनके परिजनों को लाभ मिल रहा है। यहां पर डेंटलए लैब, ओपीडी व आर्थो सहित एमबीबीएस के 20 चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सांसद ने कहा कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज और ईएसआईसी अस्पताल को प्रारंभ करने की दिशा में वे लगातार केन्द्रीय मंत्री से संपर्क करती रही। कांग्रेस के तात्कालिक राज्य सरकार ने जमीन का आबंटन किया है जिसमें मेडिकल कॉलेज का भव्य अस्पताल निर्माण प्रारंभ हो चुका है। आने वाले समय में मेडिकल के क्षेत्र में कोरबा में और भी विकास कार्य कराने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in